


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 220 | ग्वालियर सोमवार 17 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




1 घंटे 27 मिनट का प्रधानमंत्री के भाषण में कोरोना वायरस, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर भारत पर रहा जोर

## स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर पीएम मोदी ने फहराया तिरंगा



**नई दिल्ली।** देश ने शनिवार को हर्षोल्लासपूर्वक 74वां स्वतंत्रता दिवस मनाया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से लगातार 7वीं बार तिरंगा फहराया. उन्होंने राष्ट्र को संबोधित करते हुए सशक्त, सुरक्षित और अत्मनिर्भर भारत का स्पष्ट संदेश दिया. पीएम मोदी ने दो टूक कहा कि भारत जैसे देश के लिए आत्मनिर्भर बनना ?अनिवार्य है. राष्ट्रीय सुरक्षा के मसले पर कहा कि भारत स्पष्ट और राष्ट्र पर हर चुनौती से निपटने में सक्षम है. राष्ट्रीय संप्रभुता सर्वोपरि है. इस दौरान पीएम ने मजबूत इंफ्रास्ट्रचर के तहत जहां नेशनल पाइपलाइन इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र किया, वहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी पहल करते हुए नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन का एलान किया. इसके तहत हर भारतीय के स्वास्थ्य का डाटा रखा जाएगा. पीएम के संबोधन में गांव, किसान और कृषि अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने का भी जिक्र हुआ. बता दें, पीएम मोदी लाल किले पर लगातार सबसे ज्यादा बार राष्ट्रीय ध्वज फहराने वाले प्रधानमंत्रियों की सूची में चौथे नंबर पर आ गए हैं. इस बार लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में चुनिंदा मेहमानों को आमंत्रित किया गया. हर साल लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में 1000 के करीब विशेष अतिथि बुलाए जाते हैं, लेकिन इस बार यह संख्या 200-250 के करीब तक रही. कोरोना महामारी के चलते इस बार स्कूली बच्चों को पर नहीं बुलाया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 74 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए सबसे पहले कोरोना वायरस से जंग जीतने की बात कही और कोरोना वॉरियर्स को नमन किया। करीब 1 घंटे 27 मिनट लंबे भाषण में प्रधानमंत्री का फोकस कोरोना वायरस, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर भारत पर रहा। इस दौरान उन्होंने महिला शक्ति से लेकर डिजिटल इंडिया और लद्दाख में चीनी घुसपैठ से लेकर शिक्षा व्यवस्था तक पर बात की। उन्होंने चीन और पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए करते हुए कहा कि एलओसी से लेकर एलएसी तक देश की संप्रभुता पर जिस किसी ने आंख उठाई है, देश की सेना ने उसका उसी भाषा में जवाब दिया है। पीएम मोदी ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की संप्रभुता का सम्मान हमारे लिए सर्वोच्च है। इस संकल्प के लिए हमारे वीर जवान क्या कर सकते हैं, देश क्या कर सकता है, ये लद्दाख में दुनिया ने देखा है।

पूर्व पीएम अटलजी की पुण्यतिथि पर

## राष्ट्रपति कोविंद, पीएम मोदी सहित शीर्ष नेताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** भाजपा को शीर्ष पर पहुंचाने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की आज दूसरी पुणतिथि है। उनके समाधि स्थल सदैव अटल पहुंचकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप-राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत शीर्ष नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा के अन्य नेता भी स्मारक पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश सदैव उनकी अभूतपूर्व सेवा और देश के विकास में उनके योगदान को याद रखेगा। अटल भाजपा के पहले नेता थे जो प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे। प्रधानमंत्री मोदी ने अटल की कविता %हार नहीं मानूंगा, रार नई ठानूंगा% साझा करते हुए उन्हें याद दिया। साल 2018 में लंबी बीमारी के बाद अटल का निधन हो गया था। विरोधियों के बीच भी खासे लोकप्रिय रहे अटल को श्रद्धांजलि देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश ने पहली बार वाजपेयी के नेतृत्व में गुड गवर्नेंस को लागू होते हुए देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वाजपेयी ने सार्वजनिक जीवन और भारत के विकास में जो योगदान दिया उसे सदैव याद रखा जाएगा। भाजपा अध्?यक्ष जेपी नड्डा ने भी समाधि स्?थल पहुंच अटलजी को श्रद्धांजलि दी। वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे।

देश में 25,89,682 लोग संक्रमित

## 50 हजार के नजदीक पहुंचा कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 63,490 नए मरीज सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 25,89,682 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, रविवार तक 18,62,258 लोगों के ठीक होने के साथ देश में कोविड-19 मरीजों के बीमारी से उबरने की दर भी बढ़कर 71.91 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार सुबह आठ बजे जारी नए आंकड़ों के मुताबिक गत 24 घंटे में 944 संक्रमितों की मौत हुई है, इसके साथ ही देश में इस महामारी से जान गंवाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 49,980 हो गई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक 11 अगस्त को छोड़ दें, तो सात अगस्त से देश में रोजाना कोरोना वायरस से संक्रमण के 60 हजार से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं, जबकि 11 अगस्त को 53,601 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से लोगों की मौत की दर में गिरावट आई है और अब यह 1।93 प्रतिशत रह गई है। देश में इस समय 6,77,444 कोविड-19 मरीज उपचाराधीन हैं, जो कुल संक्रमितों का 26.16 प्रतिशत है। भारत में सात अगस्त को कोविड-19 मरीजों की संख्या 20 लाख के पार हो गई थी भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक 15 अगस्त तक देश में 2,93,09,703 नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 7,46,608 नमूनों की जांच शनिवार को की गई। मंत्रालय के मुताबिक जिन 944 लोगों की मौत गत 24 घंटे में हुई है, उनमें महाराष्ट्र के 322, तमिलनाडु के 127, कर्नाटक के 114, आंध्र प्रदेश के 87, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश के 58-58, पंजाब के 40, गुजरात के 19, राजस्थान के 16, मध्यप्रदेश के 13, दिल्ली और हरियाणा के 10-10 के मरीज शामिल हैं। वहीं, ओडिशा और तेलंगाना में नौ-नौ, बिहार में आठ, असम, जम्मू-कश्मीर एवं केरल में सात-सात, गोवा एवं त्रिपुरा में पांच-पांच, छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उत्तराखंड में चार-चार और लद्दाख में एक कोविड-19 मरीज की मौत दर्ज की गई। मंत्रालय ने बताया कि अब तक देश में कोविड-19 से हुई कुल 49,980 मौतों में सबसे अधिक महराष्ट्र में 19,749 लोगों की मौत होती हुई है। इसके अलावा तमिलनाडु में 5,641, दिल्ली में 4,188, कर्नाटक में 3,831, गुजरात में 2,765, आंध्र प्रदेश में 2,562, उत्तरप्रदेश में 2,393, पश्चिम बंगाल में 2,377 और मध्यप्रदेश में 1,094 लोगों की मौत कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से हुई है।

### कैबिनेट मंत्री व पूर्व क्रिकेटर चेतन चैहान का निधन, कोरोना पॉजिटिव आने के बाद हुए थे भर्ती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में काबीना मंत्री और पूर्व क्रिकेटर चेतन चैहान का निधन हो गया है। उन्हें कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसी दौरान किडनी में संक्रमण बढ़ गया और उन्हें गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में रेफर किया गया। यहीं पर इलाज के दौरान रविवार को उनकी मौत हो गई। विवरण के मुताबिक मेदांता में वेंटिलेटर पर रखे गए चेतन चैहान की तबीयत में सुधार नहीं हुआ बल्कि कोरोना के कारण चेतन के किडनी में संक्रमण बढ़ गया है। शनिवार शाम दिक्कत बढ़ने पर चेतन को लखनऊ पीजीआई से मेदांता गुरुग्राम लाया गया। भारतीय क्रिकेट टीम में बल्लेबाज रह चुके चेतन चैहान अमरोहा जिले की नौगांवा विधानसभा के विधायक थे।

## बेंगलुरु हिंसा मामले में अबतक 340 गिरफ्तार

विधायक ए.श्रीनिवास मूर्ति ने दर्ज कराई एफआईआर



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सोशल मीडिया पोस्ट लेकर हुई हिंसा में विधायक ए श्रीनिवास मूर्ति ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। वहीं बेगलुरु पुलिस के मुताबिक, अबतक मामले में 340 गिरफ्तारी हो चुकी है। विधायक मूर्ति ने डीजे होली पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एफआइआर में उन्होंने दावा किया है कि 2000 से 3000 लोगों ने 11 अगस्त को हुई घटना में उनके घर में आगजनी की कोशिश की। इसके अलावा वाहनों सहित अन्य संपत्तियों को आग दी गई। शिकायत में उन्होंने कहा कि इन आरोपितों ने सोने और चांदी के सामान सहित वाहन और 3 करोड़ रुपये भी लूट लिए। बेंगलुरु पुलिस के अनुसार 11 अगस्त को हुई बेंगलुरु हिंसा मामले में 35 और आरोपी गिरफ्तार हुए। अब तक कुल 340 लोग गिरफ्तार हुए हैं। स्थिति को देखते हुए डीजे हल्ली और केजी हल्ली पुलिस स्टेशन की सीमा में आने वाले क्षेत्रों में लगी सीआरपीसी की धारा 144 की अवधि को बढ़ाकर 18 अगस्त की सुबह 6 बजे किया गया है।

## स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका है: मंत्री हर्षवर्धन



**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में स्वैच्छिक रक्तदान अभियान का उद्घाटन किया। जो सैनिकों के साथ-साथ उन कोविड योद्धाओं को भी समर्पित है, जिन्होंने देश और इसके नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया है। दो परिवारों को सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इनमें से एक शहीद सैनिक का परिवार और दूसरा कोविड से संक्रमित एम्स के एक योद्धा का परिवार था।

## जम्मू का प्रसिद्ध मां बावे वाली माता का मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोला



**जम्मू।** करोना जैसी महामारी के चलते प्रशासन द्वारा कुछ महीनों पहले राज्य के सभी धार्मिक स्थलों और मंदिरों को आम जनता के लिए बंद कर दिया गया था वही इस पर आज एक बड़ा फैसला लेते हुए प्रशासन ने 16 अगस्त को जम्मू कश्मीर में मंदिरों को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया लेकिन इसमें प्रशासन द्वारा कुछ नियमों का पालन करने के लिए कहा गया जिसमें जम्मू का सबसे प्रसिद्ध मां बावे वाली माता का मंदिर भी आज भक्तों के लिए खोला गया आज हमारे संवादाता द्वारा मां भावे वाली के महंत से बात की गई जिसमें उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा किन नियमों का पालन करने के लिए उनको कहा गया जितने भी श्रद्धालु यहां पर दर्शन करने के लिए आएंगे सबसे पहले तो लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखना पड़ेगा इसके अलावा मंदिर कमेटियों द्वारा जगह-जगह जहां सैनिटाइजर लगाया गए वहां अपने आप को सैनिटाइज करना पड़ेगा और इसके साथ-साथ जो प्रसाद लोग मंदिर में चढ़ाते हैं वह मंदिर के अंदर नहीं ले जा सकेंगे उनको मंदिर के बाहर ही प्रसाद के लिए वह एक अलग से जगह बनाई जाएगी जहां पर लोगों द्वारा प्रसाद चढ़ाया जाएगा और इसके साथ ही लोगों से यह भी कहा गया है कि अपने जूते चप्पल जो भी है वह अपनी गाड़ियों में ही उतार कर दर्शन करने के लिए आए इसी के साथ मंदिर कमेटी द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई कि क्रोना जैसी महामारी को फैलने से रोकने के लिए सरकार का पूर्ण सहयोग करें

राहुल ने लगाएगं गभीर आरोप

## भाजपा-आरएसएस का फेसबुक-वॉट्सऐप पर कब्जा, फेक न्यूज से फैलाते हैं नफरत



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर सोशल मीडिया के जरिये फेक न्यूज फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भाजपा, आरएसएस भारत में फेसबुक और वॉट्सऐप को नियंत्रित करते हैं। वे इसके माध्यम से फर्जी खबरें और नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, %भाजपा और आरएसएस का भारत में फेसबुक और वॉट्सऐप पर कब्जा है। वे इसके जरिये फेक न्यूज और नफरत फैलाने का काम करते हैं। वे इसका इस्तेमाल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए करते हैं।% असल में, फेसबुक के कर्मचारियों के हवाले रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ऐसे कई लोग हैं जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नफरत फैलाते हैं।


ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com


74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उप राष्ट्रपति ने कहा

## 2022 तक भारत को हर मायने में आत्मनिर्भर होना चाहिए



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू ने 74वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष के अनसुने नायकों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक फेसबुक पोस्ट में, नायडू ने कहा कि अपने राष्ट्रीय नायकों को नमन करना स्वाभाविक है लेकिन ऐसे अनेक अनसुने नायकों के योगदान को भी मान्यता देने की जरूरत है जो अपने-अपने क्षेत्र में बहुत लोकप्रिय थे और जिनकी वीरता के अनगिनत कार्यों से अंग्रेज कांपते थे। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल क्षेत्रीय नायक के रूप में नहीं बल्कि 'राष्ट्रीय नायकों' के रूप में ही माना जाना चाहिए और उनके साहस और बलिदान के कार्यों से देश भर के प्रत्येक नागरिक को परिचित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को इन स्वतंत्रता सेनानियों का आभारी होना चाहिए, जिनके निस्वार्थ प्रयासों का फल हमें एक संप्रभु और जीवंत संसदीय लोकतंत्र के नागरिकों के रूप में प्राप्त हो रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोगों, विशेष रूप से युवाओं को इन अनसुने नायकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरुक बनाया जाना चाहिए। उन्होंने यह सलाह दी कि संबंधित राज्यों को इन नायकों की वीरता और बलिदान की कहानियों को इतिहास के पाठ्य-पुस्तकों में प्रकाशित करना चाहिए और उनकी विरासत को जीवित रखने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए। तभी हम उनके साथ न्याय कर पाएंगे और तभी उनके सपनों का भारत- एक सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत श्रेष्ठ भारत और एक सशक्त भारत बना पाएंगे।

# 74 वा स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर केसरिया ध्वज से हुई पुष्प वर्षा



**पाली नरेश कुमार सिरवी।** 74 वा स्वतंत्रता दिवस देशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया. राजस्थान के पाली जिले में रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत.चाचोडी. राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय.चाचोडी. ग्राम पंचायत सरपंच पूनम सिंह राजपुरोहित उपसरपंच जगाराम सिरवी प्रधानाचार्य एवं कोर कमेटी अध्यक्ष मांगीलाल सोनल द्वारा झंडारोहण किया गया स्वतंत्रता दिवस के पर्व पर राष्ट्रगान के साथ केसरिया ध्वज से रंग-बिरंगे फूलों की वर्षा हुई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूनम सिंह राजपुरोहित सरपंच वरिष्ठ अतिथि उप सरपंच जगाराम सिरवी सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी धिसु लाल बामणिया. प्रधानाचार्य कोर कमेटी अध्यक्ष मांगीलाल सोनल. जैन समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं जन सेवक विमल भाई जैन. द्वारा ध्वजारोहण किया गया. केसरिया ध्वज में रंग बिरंगे फूलों की पुष्प वर्षा के बाद राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय .चाचोडी. प्रधानाचार्य एवं कोर कमेटी के अध्यक्ष मांगीलाल सोनल. द्वारा बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस संपूर्ण भारत वर्ष में मनाया जा रहा . लेकिन इस समय संकट काल की विपरीत स्थिति को देखकर सामान्य पूर्वक एवं सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार मनाया जा रहा . सोनल द्वारा भारत देश की उपलब्धि के बारे में बताया गया . संपूर्ण विश्व के शक्तिशाली देशों के बराबर आज भारत देश माना जा रहा. आजादी से अब तक देश के संपूर्ण स्वतंत्र सेनानियों को नमन . और भारत देश को आजाद कराने के लिए अपना बलिदान दिया ऐसे वीर जवानों को कभी नहीं भुला जा सकता. आज उनके दिए हुए बलिदान को लेकर हम स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं. स्वतंत्र भारत से अब तक संपूर्ण शासन कालीन सरकारों द्वारा सफलतम प्रयासों से भारत विकासशील देशों की श्रेणी में गिना जाता है. विशाल जनसंख्या वाला भारत देश वर्तमान समय में दुनिया के काफी विकासशील देशों की श्रेणी में आ पहुंचा. कोराना वायरस की भयंकर महामारी से दुनिया के शक्तिशाली देश विश्वव्यापी महामारी को रोकने के लिए नाकाम साबित हुए. और स्वतंत्र भारत कोरोना वायरस की भयंकर महामारी को रोकने के लिए सफल साबित हुआ. आज संपूर्ण विश्व के देशों की नजरें स्वतंत्र भारत के सरकारों पर टिकी हुई . जिससे संपूर्ण विश्व जगत के मानव जीवन को संकट की स्थिति में डाल रखा. आज स्वतंत्र भारत 1947 की आजादी की तरह विश्वव्यापी महामारी की जंग की लड़ाई में विजय पथ की ओर आगे बढ़ रहा है. राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय की संपूर्ण शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं संपूर्ण ग्राम पंचायत के संबंधित प्रशासनिक अधिकारी 74 वा स्वतंत्रता दिवस पर संपूर्ण देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी. आज स्वतंत्रता दिवस सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना के अनुसार मनाया गया. सोशल डिस्टेंस की पालना की गई. आज राजकीय आदर्श माध्यमिक विद्यालय झंडारोहण के समय सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी धिसु लाल बामणिया एवं ग्राम पंचायत सरपंच उपसरपंच ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर वृक्षारोपण किया गया. रोजगार सहायक सचिव भगवान लाल बामनिया द्वारा बताया गया कि आज स्वतंत्रता दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षा विभाग के अधिकारी बामणिया द्वारा वृक्षारोपण की शुरुआत की गई. बामणिया द्वारा बताया गया कि जीवन का शेष समय में हमें वृक्षों की सेवा करने का लाभ मिला. जिन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान उनके दिशा निर्देशों अनुसार वृक्षारोपण कराया जाता था. लेकिन अब उनका सर्वश्रेष्ठ जीवन का मुख्य समय वृक्षों की रक्षा करना उनकी पहली प्राथमिकता के आधार पर उन्होंने बताया कि हमारा जीवन को हम सफल बनाने के लिए वृक्षों की सेवा करने का लाभ मिलेगा. स्वतंत्रता दिवस आज सामान्य पूर्वक मनाया गया जिसमें जैन समाज के विमल भाई जैन ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधि सोहन सिंह राजपुरोहित भोपाजी वरिष्ठ पत्रकार मगराज चौहान नेनाराम सिरवी प्रभु सिंह राव ग्राम के वरिष्ठ भामाशाह एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आज का स्वतंत्रा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

## सीरवी ज्ञानकोष परिवार ने स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभा को घर जाकर किया सम्मानित



**नारायणलाल सैणचा**

**पाली।** सीरवी ज्ञानकोष शिक्षा सेवा संस्था रजि.बाली परगना की टीम द्वारा आज 10वीं बोर्ड परीक्षा में 96.83त्नअंक प्राप्तकर पाली जिले में दूसरा स्थान व बाली तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने गांव व सीरवी समाज का नाम रोशन किया । जिनका उनके निवास स्थान पर जाकर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमान धन्नाराम गेहलोत की उपस्थिति में उनका सम्मान किया गया । सम्मान करने वालो में बाली प्रभारी ताराराम गेहलोत, संस्था के सदस्य सुरेश मुलेवा, मांगीलाल गेहलोत, अशोक गेहलोत, स्थानीय पार्षद प्रमोद लचेटा, सुरेश चोयल,पुखराज काग व उनका पूरा परिवार मौजूद रहा । साथ ही साथ संस्था के अध्यक्ष महोदय द्वारा इस प्रतिभा को आगे की शिक्षा के लिए हर संभव सीरवी ज्ञानकोष द्वारा सहायता प्रदान करने का भरोसा दिलाया गया । गौरतलब है कि संस्था द्वारा अबतक 700 से ज्यादा विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता मुहैया कराई जा चुकी हैं।।

# करेरा में वीरांगना महारानी अवन्तीबाई लोधी जी का 189 वां जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया।



**करेरा** – अखिल भारतीय लोधी समाज के द्वारा करेरा में रामजानकी मंदिर पर श्री श्री1008 सीताराम में महाराज के मुख्य आतिथ्य में 16 अगस्त को वीरांगना महारानी अवंति बाई लोधी जी का 189 वां जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया है रानी अवंती बाई लोधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक महेश लोधी जी ने बताया कि वीरांगना महारानी अवंति बाई लोधी भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वाली प्रथम महिला शहीद वीरांगना थी अवंति बाई लोधी जी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के मनकेडी गांव में जमींदार राव जुझार सिंह लोधी के यहां हुआ था।अवंति बाई ने हठ करके तलवार और बंदूक चलाने के साथ साथ घुड़सवारी भी सीखी उनकी रुचि पढने लिखने में भी थी अतः वे घर में रखे हस्तलिखित ग्रंथ विशेषकर आल्हा और राम चरित मानस का नित्य पाठ करती थी अवंति बाई सियानी हुई सन् 1849 में महाशिवरात्रि के पर्व पर रामगढ़ राज्य के राजकुमार विक्रमाजीत (विक्रमादित्य) से उनका विवाह हुआ सन् 1850 में रामगढ़ राज्य के शासक लक्ष्मण सिंह का स्वर्गवास होने के पश्चात राजकुमार विक्रमाजीत सिंह का राजतिलक हुआ और अवंति बाई लोधी रामगढ़ की रानी बन गई। रानी अवंती बाई के दो पुत्र थे अमान सिंह और शेर सिंह। रानी अवंती बाई के मन में अंग्रेजों से बदला लेने की ज्वाला धधंक उठी थी सन् 1857 में पूरे उत्तर भारत में अंग्रेजों के विरूद्ध क्रांति की लहर दौड़ गई उधर गढ़ मडला के राजा शंकर शाह भी अंग्रेजो के विरूद्ध थे रानी अवंती बाई और राजा शंकर शाह ने पूरे आसपास के राजाओं को संगठित कर अंग्रेजों के खिलाफ जंग छेड दी यह है कि काम बडे ही गुपचुप ढंग से हो रहा था पर अंग्रेजों को इसकी भनक मिल गई और राजा शंकर शाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह को बंदी बनाकर तोप के गोलों से उडा दिया इसी समय रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर रामगढ़ से अंग्रेजों के पिट्ठू अधिकारियों को बाहर निकाल दिया और स्वयं शासन करने लगी शीघ्र ही उन्होंने सुहागपुर, बिछिया, और नारायण गंज को भी अपने अधिकार में ले लिया अंग्रेज सेनापति कैप्टन वाडिंगटन को मण्डला से भागना पड़ा रानी ने उसे रास्ते में घेरकर लिया उसने रानी से अपने प्राणों की भीख मांगी और ना केवल प्राण दान दिया बल्कि सैनिकों सहित उसे जाने दिया बाद में कैप्टन वाडिंगटन ने जबलपुर से सेना बुलाकर रानी को घेर लिया और अंतिम सांस तक लडती रहीं बाद में उन्होंने अंग्रेजों के हाथों मरने की बजाय स्वयं अपने हाथों से कटार घोंप ली और वीरगति को प्राप्त हुई। और आगे के क्रम में चाणक्य कोचिंग के संचालक हरेंद्र लोधी ने कहा कि लोधी समाज के जो बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर है उनको मेरे द्वारा निःशुल्क पढाया जायेगा तथा अंत में बाबू जी धर्मेंद्र लोधी जी ने कहा कि लोधी समाज के जो बच्चे फिजिकल की तैयारी कर रहे या फिर खेलों से सम्बंधित मेरे द्वारा समाज के बच्चों को निःशुल्क सिखाया जाता है और ट्रेंड किया जायेगा जिससे भविष्य में सफल हो सकें। आज के इस जन्मोत्सव कार्यक्रम में समाज ने एक संकल्प लिया कि हर घर में अवंतीबाई लोधी जी की तस्वीर होगी और उनके जन्मदिन पर हर घर में दीपाली जैसा त्यौहार मनाया जायेगा और छत पर दीपक और लाइटें जलाएं जिससे लगे की हमारी समाज की वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी का जन्मोत्सव है,और साथ ही अवंती बाई लोधी जी का समोहा गांव में भी जन्मोत्सव प्रदीप लोधी के नेतृत्व में मनाया गया अवसर पर मुख्य रूप से महेश लोधी शिक्षक, नरेंद्र लोधी एडवोकेट, अमर सिंह लोधी शिक्षक, हरेंद्र लोधी चाणक्य कोचिंग, दुर्ग सिंह लोधी पत्रकार, चरण सिंह लोधी, राजेन्द्र सर, कमल सिंह, कल्याण लोधी एडवोकेट, रामवरन लोधी शिक्षक, रामकुमार लोधी, वीर सिंह लोधी, मनीराम विश्वकर्मा, रविंद्र लोधी आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने भू माफिया वह शिवराज सरकार में हो रहा है भ्रष्टाचार को लेकर दिया धरना

**अरुण शुक्ला पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो चीफ भिंड**



भिंड / मध्य प्रदेश के पूर्व केबिनेट सहकारिता मंत्री कांग्रेस विधायक डॉक्टर गोविंद सिंह ने खनन माफिया भू माफिया वह शिवराज सरकार में हो रहा है भ्रष्टाचार को लेकर महात्मा गांधी स्तंभ गांधी मार्केट भिंड में 15 अगस्त को एकदिवसीय सांकेतिक धरना पर बैठे शिवराज सरकार को चेताया अगर भ्रष्टाचार और रेत खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन और उग्र हो सकता है पूरे मध्यप्रदेश में कांग्रेसी कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे धरने पर बैठे पदाधिकारी जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जय श्री राम बघेल प्रदेश महामंत्री शिव नारायण दुबे बल्लू राम हर्ष सिंह जिला उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम जिला उपाध्यक् अनिल भारद्वाज मीडिया प्रवक्ता कांग्रेस बृजकिशोर कल्लू वीरेंद्र यादव शंकर जैन पिंकी भदोरिया सेवादल यूथ युवा कॉन्ग्रेस राहुल भदोरिया उदय वीर सिंह भदोरिया पंकज त्रिपाठी दुष्यंत सिंगई राज किशोर भारद्वाज विनोद पंडित ममता मिश्रा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं जिला पदाधिकारी मौजूद थे

## गांव के मेन मार्ग पर पानी भर जाने से गांव के लोगों को करना पड़ रहा है भारी मुश्किल का सामना

**खेरागढ़।** थाना खेरागढ़ के ग्राम पंचायत खानपुर के गांव समाधि के मेन मार्ग में लगभग डेढ़ फीट गहरा गंदा पानी भरा हुआ है गांव के



लोगों ने बताया पास ही बने तालाब के फुल भर जाने के कारण तालाब का गंदा पानी निकलकर गांव के मैन मार्ग पर आ गया है ग्राम प्रधान तालाब की सफाई करवाने के लिए से कई बार कहां गया पर प्रधान ने कोई सुनवाई नहीं की वहीं पास में बने दिवारी लाल के मकान की दीवार पानी भर जाने से गिर गई और गांव के सभी लोगों को गांव के अंदर जाने मैं भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है चाहे सरकार स्वच्छ भारत अभियान को चला कर सफाई के लाखों प्रयास कर रही है लेकिन ग्राम प्रधान स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं

## पिता का हत्यारा पुत्र पुलिस ने धर दबोचा

**खेरागढ़।** थाना इरादत नगर के जनपद आगरा के अंतर्गत गया प्रसाद पुरवा मैं08/08/2020 अपने पिता राम बाबू की उनके



पुत्र मुकेश द्वारा लाइसेंसी बंदूक से हत्या कर दी गई थी,हत्यारे पुत्र से लाइसेंसी बंदूक के साथ जिंदा कारतूस बरामद,पूर्व में विरोध करने पर पिता को लाइसेंसी बंदूक से मारी थी पुत्र ने गोली,पुलिस टीम इरादतनगर प्रभारी सुरजप्रसाद व एसआई विवेक कुमार ने सूचना पर पकड़ा,अभियुक्त मुकेश को न्यायलय में पेश कर भेजा जाएगा जेल,थाना इरादतनगर में पूर्व में पुत्र ने की थी पिता की हत्या,



## आलनहली में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**प्रेस-नारायणलाल सैणचा**

मैसूर-आलनहली व एस.वी.पी नगर स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आलनहली मुख्य मार्ग पर 74वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया, सर्वप्रथम मां भारती की तस्वीर पर रवि शर्मा ने पुष्प हार चढ़ा कर दीप प्रज्वलित किया गया। मुख्य अतिथि रक्तदान महादान गौभक्त संगठन मैसुरू के अध्यक्ष देवेंद्र परिहारिया ने ध्वजारोहण किया, और अपने संबोधन में कहा कि हमें यह आजादी बहुत ही कठिनाई से मिली है, कई देश भक्तों ने अपना बलिदान दिया तब जाकर हमारा देश आजाद हुआ। अतिथि चिरंजीलाल कुमावत व विकास राठौड़ ने भी संबोधित किया। तत्पश्चात भारत माता की जय वंदे मातरम के जयकारे लगाए गए, स्थानीय लोगों में बूंदी के लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर छोगाराम बोराणा, दानाराम घांची, पारसराम बोराणा, नरेंद्र सोलंकी, अर्जुन, रघुअन्ना, कैलाश बोराणा, अशोक सीरवी, प्रकाश बोराणा, राजशेखर, अशोक बोराणा, रमेश, नितिन बोराणा, हरजीराम, पायल बोराणा सहित अन्य सदस्य एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शहीदों की शहादत का यूँ ना करो अपमान



**सुंदरबनी।** जिला राजौरी के उपजिला सुंदरबनी में 74बा स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरबनी में मनाया गया । लेकिन हायर सेकेंडरी स्कूल के 100 मीटर पीछे शहीद स्मारक है तिरंगे की शान को बनाए रखने के लिए 1953 में 3 लोगों ने अपनी शहादत दी उनमें रामजी दास, कृष्ण लाल, बेलीराम जी थे। प्रजा परिशिद पार्टी के अध्यक्ष पंडित प्रेमनाथ डोगरा 28 नंबर 1953 (14 पो )को मैं एक फैसला लिया गया कि हर थाने पर एक निशान एक संविधान एक प्रदान होने के लिए तिरंगा झंडा लहराया जाएगा द्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी इस आंदोलन में शामिल थे! आंदोलन में 3 लोग शहीद हो गए और उनका शहीदी स्मारक सुंदरबनी में स्थित है इस बार पहला स्वतंत्र दिवस मनाया गया जिसमें एक निशान एक संविधान और एक प्रदान होने का नारा बुलंद हुआ द्य सुंदरबनी में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया लेकिन उन शहीदों के लिए एक फूल माला तक नहीं रही जिन लोगों ने तिरंगे की शान के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था तो सुंदरबनी के शहीदों की आत्माएं दुखी हो रही थी कि सुंदरबनी का प्रशासन उनकी कोई भी सुध लेने के लिए नहीं आया। सुंदरबनी प्रशासन के नाक तले शहीदों का स्मारक खंडहर बन चुका है लेकिन बार बार सुंदरबनी प्रशासन के अधिकारी वहां से गुजरते रहे लेकिन उसकी तरफ कभी ध्यान नहीं गया । भाजपा के बड़े-बड़े नेता जो शहीदों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करते हैं और कई बार हवन करके इस स्मारक पर पहुंचे हैं लेकिन इस स्मारक की मरम्मत के लिए उन्होंने कभी भी ध्यान नहीं दिया। सुंदरबानी मे बहुत से नेता आए लेकिन शहीदी स्मारक को बनाने के लिए कभी सुध नहीं ली। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना जी, सांसद जुगल किशोर शर्मा और भाजपा के बड़े नेता शहीदी स्मारक पर आए लेकिन शहीदी स्मारक खंडहर का खंडहर बना हुआ है। शहीदों के परिजनों का कहना है कि बे कई बार भाजपा के नेताओं के पास शहीदी स्मारक की मरम्मत के लिए गए लेकिन वह सिर्फ खोखले वादे ही करते रहे। प्रशासन के अधिकारियों और बड़े-बड़े नेताओं के लिए एक बड़ा सवाल खड़ा होता है कि आखिर कब तक शहीदों का अपमान होता रहेगा।



## खेरागढ़ में लोधी समाज ने महारानी अवंती बाई लोधी की जयंती मनाई।

खेरागढ़ के बाईपास मार्ग स्थित पारंगत कम्प्यूटर एजूकेशन सेंटर पर रविवार को लोधी राजपूत समाज के लोगो ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की अमर शहीद महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की 189 वीं जयंती धूमधान से मनाई गई। मुख्य अतिथि गोपाल सिंह भगत जी ने अवंतीबाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला कहा कि महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी ने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे लोधी समाज ही नहीं बल्कि सर्वसमाज उनके बलिदान को आज भी नमन करता है। और कहा कि सभी को वीरांगना अवंतीबाई के पदचिह्नों पर चलने को प्रेरित किया। साथ ही समाज को एकजुट होने को कहा। इस दौरान गोपाल भगत जी, हरिपाल प्रधान ,विजेन्द्र सिंह, हरेश राजपूत ,लज्जाराम,नरेश राजपूत राजकुमार राजपूत,वलवीर ,मंगलदेव ,राजेश,प्रवीन कुमार, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### लिए राष्ट्रीय नमो संघ की महिला मोर्चा टीम बनकर तैयार

# पीएम मोदी और प्रदेश की शिवराज सरकार कि विकास जन कल्याण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगी महिला टीम : पूनम पांडे

**पुष्पांजली टुडे भिंड।**



भारतीय जनता पार्टी सहयोगी संगठन राष्ट्रीय नमो संघ की महिला मोर्चा की टीम आगामी दिनों में होने जा रहे मध्य प्रदेश के 27 विधानसभा क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार को मजबूती के लिए हर समाज के मतदाताओं के बीच महिला मोर्चा की टीम की बहने फेसबुक ट्विटर व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे ताकि प्रदेश में भाजपा सरकार मजबूत होकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आप अपना आशीर्वाद देकर उन्हें भोपाल पहुंचा सके जिससे मध्य प्रदेश का विकास आगे बढ़ सकेगा।

राष्ट्रीय नमो संघ की महासचिव एवं मध्य प्रदेश महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती पूनम पांडे ने कहा कि मध्य प्रदेश के सभी संगठनात्मक जिलों में महिला मोर्चा की बहने ताकतवर बनकर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव में महिला मोर्चा की टीम सभी विधानसभाओं में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में काम करेंगे ताकि महिला मतदाताओं का रुझान भाजपा पर हो सके। 2019 के लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशियों को अपना पूर्ण आशीर्वाद देकर केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाकर राष्ट्रहित नीतियों के साथ अपना आशीर्वाद दिया जिन्होंने 350 सीटों प्राप्त कर सभी के हृदय में एक ऊर्जावान प्रधानमंत्री के रूप में अपनी छाप बनाई है और मध्य प्रदेश में भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने सर्व समाज की महिलाओं एवं आम जनों के लिए मात्र 100 दिन में सत्ता संभालने के बाद इस मध्य प्रदेश को विकासशील प्रदेश बनाकर हमारी नारी शक्तियों द्वारा निर्मित किया है। श्रीमती पांडे ने कहा भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नीति को लेकर देश के विकास के लिए आगे काम कर रही है मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय नमो संघ की महिला मोर्चा इकाई की टीम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा एवं राज्य सभा सांसद युवा नेता महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में हमारी टीम काम करेगी और निश्चित ही हम सफलता की ओर आगे पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नमो संघ का राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व उपचुनाव को लेकर अपनी प्रभावी रणनीति तैयार करेगा जिसके लिए संघ के मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वरिष्ठ जौरा विधानसभा में विस्तारक के रूप में काम कर रहे लाखन सिंह जी राणा युवा टीम के प्रदेश अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह पवैया, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा पटेल के साथ विचार विमर्श कर आगामी रणनीति उपचुनाव को लेकर बनाई जाएगी। शीघ्र ही महिला टीम का 27 विधानसभाओं में कार्यक्रम बनाया जाएगा। राष्ट्रीय नमो संघ महिला मोर्चा की प्रदेश टीम श्रीमती उषा पांडे प्रिंसिपल भोपाल श्रीमती मनीषा पांडे रीवा श्रीमती अनीता मिश्रा भोपाल श्रीमती संध्या चौहान भोपाल श्रीमती सुनीता शर्मा जबलपुर श्रीमती ज्योति बोहरे भिंड रानी दुबे रीवा शिल्पा रीवा रेणु कुशवाहा रंजना भाई नीमच रिंकी सोनी निर्मला कॉल किरण शोभना कुट्टी अनीता यादव सरोज पवैया कविता शर्मा आदि प्रमुख हैं। इन बहनों ने विधानसभा में होने जा रहे उपचुनाव के लिए अपनी कमर कस ली है और कहा कि हम सब भाजपा के प्रदेश नेतृत्व एवं राष्ट्रीय नमो संघ और पूनम पांडे जी के साथ प्रत्येक विधानसभा में पहुंचकर महिला मतदाताओं के बीच भाजपा के संगठन की विचारधारा के साथ साथ केंद्र और राज्य सरकार की मेला हितैषी योजनाओं को जन-जन तक बताएंगे और 15 माह में जिस प्रकार कमलनाथ की पूर्व कांग्रेस सरकार ने झूठ बोल कर सत्ता हासिल की थी उसका भी खुलासा प्रदेश की जनता के समक्ष किया जाएगा।

## जिला मुख्यालय पर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने किया ध्वजारोहण

# जिले में सादगी एवं गरिमामय ढंग से मना 74वाँ स्वतंत्रता दिवस





**ग्वालियर।** सम्पूर्ण प्रदेश की भाँति ग्वालियर जिले में गौरवशाली भारतवर्ष का 74वाँ स्वतंत्रता दिवस सादगी के साथ एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। जिला मुख्यालय पर ओहदपुर की सुरम्य पहाड़ी पर स्थित नवीन कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन हुआ। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। राज्य शासन द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखकर जारी किए गए दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए जिलेभर में 74वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण के बाद सभी ने भोपाल से प्रसारित मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन (लाईव टेलीकास्ट) सुना। मुख्यमंत्री का संबोधन सुनने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष एवं पुराने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में व्यवस्था की गई थी। कलेक्ट्रेट में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री किशोर कान्याल व श्री आशीष तिवारी, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह तथा जिले के सभी एसडीएम सहित कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी–कर्मचारी शामिल हुए। वैश्विक महामारी कोरोना की वजह से इस बार स्वतंत्रता दिवस पर सार्वजनकि कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक आयोजन नहीं हुए। कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न शासकीय, अशासकीय कार्यालयों व संस्थाओं में ध्वजारोहण के दौरान कोरोना गाइडलाईन का पालन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर हैण्ड सेनेटाइजर व मास्क का उपयोग एवं शारीरिक दूरी का विशेष ध्यान रखा गया।

## संभाग आयुक्त ओझा ने मोतीमहल एवं जलहविहार में फहराया राष्ट्रध्वज

**ग्वालियर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने मोतीमहल एवं जलविहार स्थित नगर निगम परिषद कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी तरह पड़ाव स्थित जनसंपर्क विभाग के सूचना केन्द्र पर अपर संचालक श्री जी एस मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में जगह–जगह पूरी शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस दिन नगर निगम, जिला पंचायत सहित जिले की सभी जनपद पंचायतों व नगरीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक स्वतंत्रता की वर्षगाँठ मनाई गई। इसी तरह सभी शासकीय अर्द्धशासकीय भवनों पर कार्यालय प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। सार्वजनिक इमारतों पर रोशनी भी की गई है।

### 74वें वर्ष पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

## चंबल भवन पर चंबल कमिश्नर मिश्रा ने किया ध्वजारोहण




**मुरैना।** आजादी के 74वें वर्ष पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चंबल भवन पर प्रात: 8 बजे चंबल कमिश्नर श्री रबीन्द्र कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रीय गायन किया गया। ध्वाजारोहण के पश्चात् चंबल भवन के सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जी का भोपाल लाल परेड पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस ध्वाजारोहण का मुख्य समारोह एलईडी पर सीधा प्रसारण देखा तथा मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश सुना। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक श्री मनोज शर्मा, अपर आयुक्त श्री अशोक कुमार चौहान, संयुक्त आयुक्त विकास श्री राजेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक जनसम्पर्क श्री डी.डी.शाक्यवार, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री डीके सिद्धार्थ सहित अन्य संभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर ''सहयोग से सुरक्षा अभियान'' की शुरूआत पर सभी अधिकारी, कर्मचारियों को कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने की शपथ दिलाई।

### सहयोग से सुरक्षा अभियानकी हुई शुरुआत

**मुरैना।** कोरोना संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिये विभिन्न विभागों के सहयोग से 15 अगस्त 2020 से ''सहयोग से सुरक्षा अभियान'' शुरू हुआ। चंबल कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान के शुभारंभ पर धर्मगुरू, वरिष्ठजन, कोरोना वॉरियरर्स, कोरोना से जंग जीतकर आये योद्धाओं व आमजन से हस्ताक्षर कराके अपील जारी की जाये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में कलेक्टर कार्यालय और चंबल संभाग के सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इसे फैसबुक पेज ट्व्यूटर एवं अन्य विभागों के सोशल मीडिया पर अपलोड किया जायेगा। जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने शपथ ली। शपथ लेते हुये कहा गया कि कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए मैं स्वयं एवं अपने क्षेत्र में लोगों को मुंह पर



मास्क, दुपट्टा, रूमाल या कपड़ा बांधकर घर से बाहर निकलने, घर के बाहर आपस में दो गज की दूरी रखने और बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोने के लिए प्रेरित करूँगा। चंबल कमिश्नर श्री रवीन्द्र कुमार मिश्रा और कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने यह शपथ सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को दिलाई, शपथ का वाचन सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने किया। कोरोना को लेकर किसी से कोई बुरा व्यवहार या भेदभाव ना करते हुए सभी के साथ प्रेम और सहयोग का व्यवहार करूँगा/करूँगी, कोरोना से इस युद्ध में जो हमारी ढाल है जैसें- डॉक्टर, नर्स, अस्पतालकर्मी, पुलिस, सफाईकर्मी, मैदानी कार्यकर्ता आदि मैं हमेशा उनका सहयोग, समर्थन और सम्मान क ँगा/करूँगी।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् गोहद जिला भिण्ड (म.प्र.)

Email: - cmogohad@mpurban.gov.in. Add- Fort Road, Ward No.14, Gohad, District Bhind (M.P)

क्रमांक/न.पा./लो.नि./2020/1550 गोहद, दिनांक 14/08/2020

### निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत समस्त इच्छुक ठेकेदारों से सिसौनिया में स्टेडियम के पास गौशाला निर्माण शेड, गार्डन, वॉटर टैन्क, ग्रास रोड ऑफिस सहित, अनुमानित लागत– 1,32,89,142रू, धरोहर राशि– 66,500रू, निविदा प्रपत्र मूल्य– 12,500 टेण्डर क्रं 2020-UAD-101955-1 एवं वार्ड क्रं. 17 झल्लर वाली से रूपसिह जाटव के मकान तक गौतम नगर में 200 मी. सी.सी. रोड, अनुमानित लागत– 12,48,390रू, धरोहर राशि– 9,400रू, निविदा पत्र मूल्य– 2000रू, टेण्डर क्रं 2020-UAD-101957-1 हेतु ऑनलाईन निविदा दरें दिनांक 21/09/2020 तक आमंत्रित की जाती हैं। दरें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के SOR प्रभावी दिनांक 10.05.2012 से आज दिनांक तक संशोधित आधार पर कम/अधिक आधार पर ड़ाली जावेगी। कार्य के संबंध में विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् गोहद
जिला भिण्ड (म.प्र.)


संपादकीए

# धोनी की विदाई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और विकेट कीपर महेंद्र सिंह धोनी ने आज आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उनके रिटायरमेंट की लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं। आज उन्होंने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। धोनी ने टेस्ट की कप्तानी भी पूरी दुनिया को चौंकाते हुए अचानक से छोड़ दी थी और एक बार फिर से उन्होंने अपने चाहने वालों को चौंकाते हुए एक बड़ा फैसला लिया। धोनी हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज होकर क्रिकेट मैदान में उतरते थे जो उनके पूरे करियर में उनकी पहचान बनी रही। धोनी ने अपने इंस्टाग्राम संदेश के माध्यम से इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर दी और सबका शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि 15 अगस्त शाम सात बजकर 29 मिनट से मुझे रिटायर समझें। कप्तान के तौर पर तो धोनी हिट थे ही एक खिलाड़ी यानी बल्लेबाज व विकेटकीपर के तौर पर भी उन्होंने पहचान बनाई। धोनी ने एक भावुक पोस्ट कर अलविदा कहा है। उन्होंने लिखा– अब तक आपके प्यार और सहयोग के लिए धन्यवाद। भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था जो सेमीफाइनल मुकाबला था। इस मैच में भारत को हार मिली थी और इसके बाद से ही उनके क्रिकेट करियर को लेकर काफी कयास लगाए जा रहे थे। अब माही ने अचानक से क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। हालांकि अभी धोनी आईपीएल 2020 खेलेंगे अभी तक ऐसा ही अनुमान लगाया जा रहा है। अब इंटरनेशनल क्रिकेट में माही का अंदाज तो हमें देखने को नहीं मिलेगा। धोनी का नाम आते ही उनका कूल अंदाज नजर के सामने आता है जो किसी भी परिस्थिति में अपना आपा नहीं खोता था। चैंपियन क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी की कामयाबी मैदान पर अनायास नहीं है। अपनी कप्तानी में भारत की झोली में वर्ल्ड टी20, 50 ओवर वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे खिताब भरने वाले धोनी को क्रिकेट पंडितों ने कैप्टन कूल का नाम दिया। इसके लिए उनकी सोच–समझकर रणनीति बनाने और इंटरनेशनल क्रिकेट में जबर्दस्त प्रेशर के बीच भी विचलित ना होने का उनका अप्रोच जिम्मेदार था। यही कारण था एक युवा बल्लेबाज को जब 2007 में एकाएक कप्तानी थमाई गई तो उसने तुरंत आकर चमत्कार कर दिखाया। यही नहीं, उनकी बल्लेबाजी में भी यही जज्बा दिखता था जोकि उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे शानदार फिनिशर का दर्जा दिला गया। देखा जाए तो धोनी का इंटरनेशनल वनडे करियर रन आउट से शुरू हुआ और रन आउट पर जाकर खत्म हुआ। धोनी अपने पहले इंटरनेशनल मैच में शून्य पर रन आउट हो गए थे। उन्होंने इंटरनेशनल पारी की शुरुआत बांग्लादेश के खिलाफ की थी। महेंद्र सिंह धोनी ने वर्ल्ड टी20 2007 कप में भारत को चैंपियन बनाया। इसके बाद साल 2011 वर्ल्ड कप में भारत को 28 साल बाद 50 ओवर में भारत को जीत दिलाई। इसके बाद 2013 में उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को विजय दिलाई।

# पुरानी व्यवस्थाओं बीच नया खाका लाल किले से बड़ा संदेश

यकीनन लाल किला की प्राचीर स्वतंत्रता के बाद से हर बरस देश के प्रधानमंत्रियों के उद्बोधन की साक्षी रही है। लेकिन शायद यह पहला अवसर था जब दुनिया में फैली महामारी और इससे उपजे अवसाद के बीच नरेन्द्र मोदी के संतुलित, सारगर्भित और मोटीवेशनल भाषण ने वाकई में देश को एक नई दिशा देने का काम किया है। यूं तो प्रधानमंत्री अपने खास अंदाज और शब्दों से फॉर्मूलों को गढ़ने के लिए सारी दुनिया में जाने जाते हैं। लेकिन इस बार उन्होंने बहुत ही भावुक अंदाज में बंगाल के क्रांतिकारी महर्षि अरविंदो घोष जैसे योध्दा का जिक्र कर बंगाल और बिहार का खास ध्यान खींचा। इस बार का उनका संबोधन सही मायने में नकारात्मक राजनीति के खिलाफ तथा भारत को ग्लोबल फैक्टरी ऑफ द वर्ल्ड बनाने पर ज्यादा केन्द्रित रहा। शायद आपदा को आमंत्रित करने वाले हमारे पड़ोसी को ही पस्त कर अपने लिए अवसर पैदा करने के इससे अच्छे मौके को हथियाने की प्रेरणा ने विपरीत परिस्थितियों में भी तेजी से आगे बढ़ने के लिए दरवाजे खोलने की राह मजबूत की। सच है कि भारत सहित दुनिया जबरदस्त संकट काल के दौर से जूझ रही है। ऐसे में सही फैसलों से मुश्किल राहें आसान होती हैं। प्रधानमंत्री ने भी यही संदेश देने की कोशिश की कि जो चलता है, चलता आया है, अब नहीं चलेगा। सही है देखना होगा कब तक ऐसा हो पाएगा। नई राहों के लिए उनकी प्रेरणा उनकी दृष्टि अलग–लग क्षेत्रों में बहुत विस्तार से चर्चा का विषय है। लेकिन जो सार है वह यही कि भारत बेहद विपरीत परिस्थितियों



में किस तरह से आपदा में अवसर की ओर अग्रसर है, न केवल कोरोना महामारी से उपजी नई और तात्कालिक जरूरतों की ओर ध्यान खींचा बल्कि उसके अमल की आज शुरुआत से इतना तय है कि जल्द ही भारत स्वास्थ्य के मामलें में लंबी छलांग मारने यानी लोगों को आधार की तरह एक नई मेडिकल आईडी देकर सारी मेडिकल हिस्ट्री को एक जगह रखना यानी हर टेस्ट, हर बीमारी, किस डॉक्टर ने कौन सी दवा दी, कब दी, रिपोर्ट्स क्या थीं की सारी जानकारी इसी एक हेल्थ आईडी में समाहित होगी जिसे कहीं से भी एक्सेस किया जा सकेगा ताकिकहीं भी कभी भी इलाज संभव हो पाएगा जो बड़ी बात है। यानी इससे पर्सनल मेडिकल रिकॉर्ड और जांच सेंटर जैसे संस्थान एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आ सकेंगे। फिलाहाल इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कुछ राज्यों में ही लागू किया जाएगा। पूरे भाषण में आत्म निर्भरता पर जोर देकर वोकल फॉर लोकल यानी स्वदेशी पर जोर, सैनिकों के मनोबल को बढ़ाने वाली बातें खासकर एलओसी से एलएसी तक सेना द्वारा आँख उठाने वालों को मुंह तोड़ जवाब देने की तारीफ, घरेलू कर्ज सस्ता कर हर घर का सपना आसान करना, आपदा के चलते उपजी सार्वजनिक ऑनलाइन शिक्षा के अवसर की संभावना को बलवती करना, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को एक आम भारतीय की शक्ति बनाकर उससे उपजने वाली ऊर्जा को आत्मनिर्भर भारत अभियान का बहुत बड़ा आधार बनाने की दिशा में काम करना, बड़ी सोच है। एमएसएमई यानी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग सेक्टर को मजबूत करना, 1000 दिन यानी साल 2023 तक 6 लाख गांवों को मजबूत संचार तंत्र प्रदान करने के लिए ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ना, कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना वो विषय रहे जिनसे उनकी सोच कुछ अलग सी दिखी। कोरोना संकट से पूर्व ही भारत ने बीते वर्ष न केवल एफडीआई में 18 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की है जिससे संकट के बावजूद दुनिया की बड़ी–बड़ी कंपनियां भारत का रुख कर रही हैं। वाकई यह बड़ी उपलब्धि है क्योंकि दुनिया के बड़े–बड़े औद्योगिक खिलाड़ी ऐसे ही मोहित नहीं होते हैं। भारत ने इसके लिए जिन नीतियों पर काम किया है उससे ही ये विश्वास जगा है। बताते हैं कि लगभग 100 लाख करोड़ का विदेशी निवेश का आ चुका है और आने का सिलसिला निरंतर जारी है, जो बड़ी कामियाबी है। वाकई यह सब भारत को ग्लोबल फैक्टरी ऑफ द वर्ल्ड बनाने की ओर बढ़ता कदम ही है जिससे नरेन्द्र मोदी आपदा को अवसर में बदलकर चीन को पटखनी देने की तरफ इशारा कर रहे हैं। यह मेक इन इण्डिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड का नया आगाज है। किसानों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955, एग्रीकल्चर प्रोड्यूस मार्केट कमेटी (एपीएमसी) एक्ट में बदलाव को उपलब्धि बताते हुए पहले ही दिन एक लाख करोड़ का एग्रीकल्चर फण्ड किसानों के बदलाव के लिए मील के पत्थर की शुरुआत जैसा है। ऑनलाइन हो चुकी इस प्रक्रिया से से रियल टाइम पर देश के अलग–अलग बाजारों में किसी भी कृषि उत्पाद का क्या भाव या मूल्य मिल रहा है।

## पगड़ी और इंसान...!

सत्य पारखी प्रेम की,
हृदय रखे ईमान।
बड़ा अजब का नाता,
पगड़ी और इंसान।
मुकुट सिर की शोभा बने,
मुखमण्डल की साज।
इज्जत शोहरत दांव लगे,
तब बचाए पगड़ी लाज।
पगड़ी बांधे सिर पर सेहरा,
आन बान और शान की।
स्वभिमान की करे हिफाजत,
मर्यादा इज्ज़त मान की।
जिम्मेदारी की बेली जकड़ी,
बेशक दुनिया ने माना।
रश्म शादी कन्यादान की,
बाप से ज्यादा किसने जाना।
बिन पहने सिर पर पगड़ी,
गई उछल बाजार।
जिसकी सर हो उसकी पगड़ी,
फिर दुनिया हसे हज़ार।
असीम जिम्मा मिला ताज सा,
पलक गिरे क्षण पगड़ी।
भाव बाजार का समझ न पाया,
निकल जाए फिर हेकड़ी।
चार हज़ार साल पूर्व पहल,
भिन्न प्रथा अत्यंत पुरानी।



मान सभ्यता के खातिर,
सम्राटों का पग कहानी।
आधुनिकता की बाते करे,
जन जन की ज़ुबानी।
कभी धूप की ताप लगी,
कभी ठंड के ओले।
हर ऋतू में राखे हया,
राज महत्ता पगड़ी खोले।
दर दर भटकत डगर डगर,
पड़ी जरूरत सर को छाया।
मुकम्मल रिवाज़ बतौर,
पगड़ी देकर मान बचाया।
एहसान मुझपर कर,
झट न तू कर खटपट।
चिपका चिपका रह सदा,
मन मे आश जगा झटपट।
स्वाभिमान की जड़ चेतन,
तुझमें ही बसता संसार।
धैर्य की केंद्र बिंदु तू,
तुझसे छाया कृपा उपकार।
भाँति-भाँति सतेज है मानस,
किसकी तुला तगड़ी।
कद्र करना अंग-तरंग,
सबकी सर है पगड़ी।

**दिब्यानन्द पटेल**
**विद्युत नगर दर्री**
**कोरबा छत्तीसगढ़**

## तुम्हारा ही ख्याल

कविता

और क्या सुनाऊं हाल...,
और क्या बताउं बात...!
बस! जेहन में है...,
तुम्हारा ही ख्याल...!!

तुम्हारे बारे में सोचता हूं..,
तुम्हारी तस्वीर देखता हूं ।
अपनी तकदीर कोसता हूं ।।



काश! तुम होती तो ...,
कितनी अच्छी होती ज़िन्दगी।।।

कभी देखा नहीं...,
कभी परखा नहीं..।
ख्यालों में ही आती रही।।

मीलों दूर रहकर...,
रहगुज़र..., रहबर..।
ख्वाबों में ही सताती रही।।

और क्या सुनाऊं हाल...!
जेहन में तुम्हारा ही ख्याल।।

तुम्हारा अपना जहां मेरा अपना जहां है ।
मेरा जमीं है तो तुम्हारा आसमां है ।।।

हम मिल सकते नहीं किसी भी घड़ी ।
आओ प्यार की बातें करें घड़ी दो घड़ी।।

और क्या सुनाऊं हाल ....,
जेहन में तुम्हारा ही ख्याल ।।

**स्वरचित एवं मौलिक**
**मनोजवम**
**सुदर्शन पार्क मोती नगर**
**नई दिल्ली**

# असीम पर संकीर्णता के नियंत्रण का प्रयास ?

पूरे विश्व के श्री राम भक्तों,राम प्रेमियों, भगवान राम के मानने व न मानने वालों,आस्तिकों व नास्तिकों सभी धर्मों व जातियों तथा संसार के समस्त देशों के समस्त देशवासियों तथा समस्त जीव जंतुओं को श्री राम जन्म भूमि मंदिर के तीसरे परन्तु संभवतः अंतिम शिलान्यास की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। गत 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्री राम जन्म भूमि मंदिर का भूमि पूजन कर इसकी आधार शिला रखी गयी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के अतिरिक्त जो अन्य चार अति विशिष्ट हस्तियां %शिलापूजन मंचासीन% रहीं वे थीं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत,उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ,उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, तथा राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण ट्रस्ट के प्रमुख महंत नृत्य गोपाल दास। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत भी एक विशिष्ट अतिथि को तौर पर यहाँ मौजूद रहे और प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित अतिथियों को संबोधित भी किया। देश विदेश में इस बहुप्रतीक्षित मंगल दिवस का सभी भारतवासियों द्वारा स्वागत किया गया। देश ने भी चैन की सांस ली क्योंकि दशकों से मंदिर मस्जिद विवाद को लेकर दिन प्रतिदिन जो साम्प्रदायिक वैमनस्य बढ़ता जा रहा था और विभिन्न राजनैतिक दल जिस अयोध्या मुद्दे को समय समय पर अपने वोट के रूप में भुनाते रहते थे कम से कम राम मंदिर के नाम पर चलने वाली नेताओं की उस




दुकानदारी पर तो विराम लग गया। परन्तु सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाला निर्णय सुनाने के बाद जिस तरह श्री राम जन्म भूमि मंदिर के भूमि पूजन के आयोजन को संगठन व दल विशेष की देखरेख में तथा उसी की योजनानुसार संपन्न किया गया उसे लेकर बड़े पैमाने पर आलोचना के स्वर उठ रहे हैं। उम्मीद की जा रही थी कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मंदिर निर्माण के पक्ष में फ़ैसला आने के बाद भूमि पूजन व आधार शिला रखने का कार्यक्रम दुनिया को यह सन्देश दे सकेगा कि भगवान राम भारत के लोगों के लिए एक ऐसे निर्विवादित महापुरुष हैं जिनके प्रति सभी के मन में बराबर आदर व सम्मान है। रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से विशेष अतिथि के रूप में पहला न्योता, अदालतों में बाबरी मस्जिद के पक्षकार रहे इक़बाल अंसारी को देकर तथा पद्मश्री पुरस्कार के लिए नामित फ़ैज़ाबाद निवासी शरीफ़ चचा को भूमि पूजन में सबसे पहला निमंत्रण देकर कर निश्चित रूप से मंदिर निर्माण ट्रस्ट ने इस विषय पर अब तक फैलाई जा चुकी साम्प्र्दायिक दुर्भावना को विराम लगाने की कोशिश तो ज़रूर की। परन्तु इसके बावजूद केंद्र सरकार द्वारा गठित ट्रस्ट ने ऐसे अनेक निर्णय लिए जो मंदिर निर्माण की शुरुआत की ख़ुशी होने के बावजूद देश के एक बड़े वर्ग को रास नहीं आए। उदाहरण के तौर पर इस अवसर पर सभी धर्मों के एक एक शीर्ष धर्मगुरुओं को भी यदि आमंत्रित किया गया होता तो ज़्यादा बेहतर था। यदि यह संभव नहीं हो सका तो हिन्दू धर्म की ही सभी जातियों के प्रतिनिधियों को तो ज़रूर शामिल होना चाहिए था? चारों शंकराचार्य का आयोजन में शरीक न होना भी देश के लोगों के गले नहीं उतरा। देश यह भी नहीं जान सका कि यदि प्रधानमंत्री की उपस्थिति ज़रूरी थी तो राष्ट्रपति की क्यों नहीं? यह भी नहीं तो कम से कम प्रत्येक राजनैतिक दलों के एक एक प्रतिनिधियों को ही शामिल कर राम को लेकर एकता का सन्देश दिया जा सकता था? इंतेहा तो यह रही कि लाल कृष्ण अडवाणी जैसे नेता जिन्होंने राम जन्म भूमि आंदोलन को गति दी तथा जिनके राजनैतिक प्रयासों से भाजपा आज इस स्थान तक पहुंची है, उन्हें भी इस आयोजन में सम्मानित अतिथि का स्थान देना मुनासिब नहीं समझा गया? मुरली मनोहर जोशी जैसे वरिष्ठ नेता व जन्म भूमि आंदोलन के नायक को भी इस समारोह में दरकिनार रखा गया? राम जन्म भूमि आंदोलन के फ़ायर ब्रांड नेता परवीन तोगड़िया को तो जैसे संघ व भाजपा ने भुला ही दिया?देश के विशेषकर अयोध्या के आसपास के क्षेत्रों के उन कारसेवकों को भी इस बात का काफ़ी मलाल रहा की वे उस आयोजन के साक्षी न रह सके जिसमें उन्होंने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। इस आयोजन को सर्वधर्म,सर्वजातीय,सर्व दलीय आयोजन के बजाए ठीक इसके विपरीत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,विश्व हिन्दू परिषद् व भाजपा का आयोजन बनाकर संकीर्ण सोच का परिचय दिया गया।

# शीर्षक - आधुनिकता : एक बोध

विधा - आलेख

सृष्टि का रथ कालचक्र के अनुसार चल रहा है। सृष्टि के इस रथ को भला कौन है ऋजु-वक्र चला सकता है ? मनुष्य ने अध्ययन की सुविधा के लिए हर युग को कालखंडों में विभाजित किया। किसी भी कालखंड में यंत्रों का अभाव नहीं था। कालखंडों में युग को विभाजित तो कर दिया लेकिन मानवता की गहरी सड़क पर जो गड्ढे हर काल में रहे उसे किसी ने नहीं पाटा। इतिहास हमें यह बताता कि भूतकाल में क्या था आने वाले कल में क्या था यह भी इतिहास ही बताएगा। इन सबसे परे प्रश्न यह है कि जब सब इतिहास में छिपा और छपा है तो आधुनिकता क्या है ! आधुनिकता पर प्रश्न हर काल में उठे। बहस ने भी युद्ध जैसा रूप ग्रहण कर लिया। सुनो! मैं बताता हूँ इस संबंध में, काल कभी किसी से नहीं लड़ा, हर युग में प्रेम की ही महत्ता रही है। कटु वचनों को सुनने के लिए मन को और कड़ा कर लो। जो आज हमें दिखता है वह कल भी था और आने वाले कल में भी होगा। बस! साधनात्मक अंतर होगा।मानवीय भावना जैसी थी वहीं आज भी है किंतु उन्हें अभिव्यक्त करने का प्रारूप बदल गया। शासकीय व्यवस्था, सत्ता, कूटनीति, भूख, गरीबी और लाचारी यह आज के युग की उपज नहीं है बल्कि भूतकाल में भी विद्यमान थी।

जब हम रामायण महाभारत को देखते हैं राम-सीता भरत,लक्ष्मण, शत्रुघ्न, सूर्यवंशी नारियों का विवरण है। महाभारत में कुंती के पुत्र माद्री के पुत्र द्रोपदी, कृष्ण का विवरण; रामायण में मेघनाथ, कुंभकरण, रावण वशिष्ठ, हनुमान, जामवंत, सुग्रीव, विभीषण, मंदोदरी।महाभारत में शकुनि, दुर्योधन,कौरववंशी,कर्ण,भीष्म, विदुर संजय इनका ही चित्रण है । इनमें नायक उपनायक खलनायक सहायक ही तो है। यही सब आज की फिल्मों में चित्रित है। केवल मात्र नाम बदला है। फिल्मों के ये सारे पात्र हमारे महाकाव्यों में है।फिल्म तो आधुनिकता का पर्याय नहीं हो सकती। आज का विज्ञान धर्म पर अविश्वास प्रकट करता है। समझ में यह नहीं आता कि विज्ञान वैज्ञानिक बनाता है या वैज्ञानिक विज्ञान बनाते हैं। विज्ञान और धर्म दोनों की सत्ता कर्म पर टिकी है। विज्ञान प्रयोग पर विश्वास करती है और धर्म का विश्वास कर्म है। प्रयोग के उपरांत परिणाम मिलने पर नियम बनता है प्रयोग ही विज्ञान का तर्काधार है इसी पर वो विश्वास करते है, धर्म का तर्क आधार कर्म है। इस पर विज्ञान प्रतिबंध लगाता है। दोनों के अपने-अपने तर्क हैं, दोनों तर्क के आधार पर टिके हैं तो विरोधाभास क्यों? तर्क-तर्क में भेद क्यों! यह तो आधुनिकता के दायरे में नहीं आ सकता।

शासन दण्ड भोग कुटिलता यह सब पुराने हैं फिर भी बने हुए हैं आज तक। यह भी आधुनिक नहीं। बेरोजगारी पहले भी थी और आज भी है किंतु बेरोजगारी कहाँ है! बेरोजगारी का चक्र क्या है! काम करने का इच्छुक होना चाहिए कर्म धरातल विस्तृत है। दो अक्षर अंग्रेजी पढ़े लोग अपनी नई अदा दिखाकर सब पर रौब जमाते हैं। जबकि सत्य में वो कुछ करने में सक्षम नहीं होते। बस! विरोध का झंडा लेकर सड़कों पर आ जाते हैं। पता नहीं ये अंग्रेजिया लोग किस फेर में है। बेरोजगारी के नाम पर सब को लूटते जा रहे हैं। ये भी आधुनिकता नहीं। टीवी सिनेमा मोबाइल कंप्यूटर इंटरनेट तकनीक का विस्तार रेल वायुयान रॉकेट उपग्रह मिसाइल परमाणु बम रडार यह सब मानवता के विध्वंसक भंडार नहीं है तो और क्या है! यह तो आधुनिक हो नहीं सकता! मांस का भक्षण, शराब, जुआ, हत्या, दुष्कर्म, अपहरण लूट-पाट,कम वस्त्र पहनना, चश्मा लगाकर जींस पहनना, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा-पान यह भी तो आधुनिक नहीं! लोग इसी के इर्द-गिर्द अपना जीवन गँवा रहे हैं।

उस काल से इस काल तक भौतिक, सामाजिक, शारीरिक,मानसिक, आर्थिक, व्यावहारिक इन सब में परिवर्तन होते आए हैं और होते रहेंगे इस परिवर्तन को आधुनिकता नहीं कह सकते। ये परिवर्तन आधुनिकता की परिसीमा भी नहीं है।

आज कोई माता-पिता के पास नहीं बैठता, वक्त तो सबके पास है उसे बेकार में गवा देंगे पर बैठ नहीं सकते। समाज में क्या हो रहा है इसका भी उन्हें ज्ञान नहीं! संयुक्त परिवार टूट गए छोटे परिवार में बच्चे अपने बचपन को गँवा चुके हैं। फैशन के फेर में इंडिया पड़ा है। एक छोटी सी कुबुद्धि को आइडिया कहते हैं। रोग और रोगी बढ़ते जा रहे हैं।आधुनिकता के नाम पर सब मरते जा रहे हैं। शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। चारों ओर धूल-धुँआ और अनजानापन ही बढ़ रहा है। तथाकथित आधुनिक लोग गाँव की ममता खोने को तत्पर है। गाँव-गगन,धरा-धरातल, धूली सुगंध गोरैयों का गान, मोर केकारव,कोयल का गान, खगवृंद के कलरव की तान सब जाने पहचाने से हैं पर अफसोस! सब भूल गए। अब रामा-श्यामा खो गया। गुडनाईट गुडमॉर्निंग आ गया, रामा-श्यामा तो गवारों की पहचान और ऐसा बोलने वाले सभ्य हो गए। वाह रे! देश किस तरह फिरंगी लाटो की चाल का और बिगड़ी आदतों का भंडार बन गया। यह तो आधुनिकता नहीं है बिल्कुल भी नहीं। हर युग में संस्कृति-सभ्यता का प्रसार,विस्तार और परिष्कार हुआ। वर्तमान में नयापन लाने के नाम पर नग्न संस्कृति मुँह ताक रही है। संस्कृति की करुण पुकार मुझ तक आ रही है। इसका उद्धार कैसे करूँ ! ÷ हर बातों पर पर्दा डालने का तर्क है आधुनिकता ।÷ आधुनिकता क्या है! कोई इसको स्पष्ट क्यों करें! हर क्षेत्र में इसकी अलग परिभाषा गढ़ी हुई है। मेरे सिवा कोई नहीं जानता आधुनिकता क्या है। आधुनिकता एक बोध है मृत्यु पर जीवन का विस्तार है। आधुनिकता आद्यः निकटता है। इस सृष्टि में एक नया विश्वास है जो सृष्टि चक्र में ऊर्ध्वाधर और क्षितिज पार है। आधुनिकता जीवन में एक पहेली इसे जितना चाहो उलझा लो। आधुनिकता चर-अचर, जीवन-मरण के ऊपर एक रहस्यमयी बोध है। आधुनिकता में नारी की कर्मठता की अधिकता हो, नारी संपूर्ण कर्म अधिकारी हो, शासन में स्वेच्छाचारी और हर आयामों में उत्तरदायी तत्त्व हो। एक बात विचार करने की है कि आठ ग्रहों में पृथ्वी पर जीवन इसलिए है क्योंकि पृथ्वी स्त्री स्वरूपा है। नारी जीवन दायिनी, अणु बीज में शक्ति स्वरूपा है। नारी की कोख सृष्टि का प्रतिबिंब है। नारी का विकल्प तो विधाता के पास भी नहीं है। सर्व संपन्न होते हुए भी नारी अद्यतन उपेक्षित ही हैं। नारी जीवन को सम्मान कभी नहीं मिला। छुट-पुट चर्चा होती है! आधुनिकता तभी आधुनिक होगी जब नारी सर्वोच्च होगी। नारी सनातन भी है तो प्राचीन भी। नारी भवेता भी है तो नारी ही आधुनिकता है।



**संक्षिप्त परिचय - ज्ञानीचोर**
**शोधार्थी व कवि साहित्यकार**
**मु.पो. रघुनाथगढ़, सीकर राजस्थान।**
**मो. 9001321438**

# स्व. अटलजी की याद दिलाएंगे चंबल प्रोग्रेस वे और उनकी प्रतिमा: शिवराजसिंह चौहान

## द्वितीय पुण्यतिथि पर अटल जी को श्रद्धांजलि, चंबल प्रोग्रेस वे अटल जी के नाम पर होगा, भोपाल में लगेगी प्रतिमा

**भोपाल।** प्रदेश भाजपा ने अपने दिवंगत नेता पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटलबिहारी वाजपेयी को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने स्व. अटलजी की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए चंबल एक्सप्रेस वे का नामकरण उनके नाम पर किए जाने और राजधानी भोपाल में उनकी भव्य प्रतिमा लगाए जाने की घोषणाएं की, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने उन्हें बेजोड़ वैश्विक नेता बताते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत एवं जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी सहित पार्टी पदाधिकारियों ने भी अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्व. अटलजी को याद करते हुए कहा कि अटलजी एक सरल हृदय कवि, उदार चरित्र के मालिक, सबसे स्नेह करने वाले, सबको प्रेम देने वाले, अजातशत्रु थे, जिनके बारे में विरोधी भी कभी कोई टिप्पणी नहीं कर पाये। उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि उनका नका नाम आते ही माथा श्रृद्धा से चरणों में झुक जाता है। उन्होंने कहा कि अटल जी किसी दल या भारत के ही नहीं, पूरी दुनिया के थे। श्री चौहान ने घोषणा की कि चंबल की प्रगति के आधार चंबल प्रोग्रेस वे का नाम अटलबिहारी



वाजपेयी चंबल प्रोग्रेस वे रखा जाएगा, ताकि उस क्षेत्र की प्रगति और विकास की जब भी चर्चा हो श्री अटलजी हमें दिखाई दें। भोपाल में अटल जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी एवं 25 दिसम्बर को अटलजी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस मनाकर हम मध्यप्रदेश की जनता को सुशासन देने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा स्व. अटलजी भारतीय जीवन मूल्यों, परंपराओं, संस्कृति और विचार से प्रेरणा लेने वाले जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। जब देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू का जलजला था, तब लोकसभा में अटल जी ने सरकारी नीतियों की आलोचना की थी। उस समय पं. नेहरू ने कहा था कि यह बुद्धिमान नेता एक दिन भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। स्व. अटल जी ने भारत की राजनीतिक दिशा को बदला था। उन्होंने देश को दल से अधिक महत्व देते हुए पाकिस्तान के युद्ध के समय पूरी ताकत से तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा जी का साथ दिया। उन्होंने हिंदी को सम्मान देते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ में हिंदी में भाषण दिया और देश ही नहीं, दुनिया के जटिल मुद्दों को सुलझाने का काम किया। अटल जी ने तय किया कि भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाएंगे और संभावित प्रतिबंधों की परवाह न करते हुए उन्होंने ऐसा कर दिखाया। उन्होंने ग्रामीण सड़क योजना से गांव-गांव को आपस में जोड़ा और स्वर्णिम चतुर्भुज योजना से पूरे भारत का जोड़ा। सही मायने में अटल जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश का विकास शुरू हुआ।

# राष्ट्र के लिए जिएंगे, राष्ट्र के लिए मरेंगे, जब अस्थियाँ विसर्जित होंगी तो जल से आवाज आएगी, भारत माता की जय





**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड परिसर के मोतीलाल नेहरु स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला विशेष सशस्त्र बल, जिला बल, शासकीय रेल पुलिस, विशेष शस्त्रबल हॉक फोर्स, एस.टी.एफ., नगर सेना, जेल विभाग और पुलिस बैंड की टुकड़ियों से सज्जित परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी उपस्थित थे मुख्यमंत्री श्री चौहान एवं सभी उपस्थितों द्वारा भारतमाता की जयघोष के साथ मुख्यमंत्री का संबोधन प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राष्ट्र को स्वतंत्रता दिलवाने वाले वीर बलिदानियों के चरणों में नमन करते हुए कहा कि देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के सम्मान में भोपाल में निर्मित शौर्य स्मारक में आज भारतमाता की प्रतिमा स्थापित हुई है। यह सभी को राष्ट्र प्रेम, शौर्य और साहस की प्रेरणा देगी। प्रत्येक नागरिक को भोपाल के शौर्य स्मारक में स्थापित इस प्रतिमा के दर्शन करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का स्मरण किया तथा उनके कथन को उद्धृत किया कि %भारतभूमि सिर्फ जमीन का टुकड़ा नहीं है। यही जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। हिमालय इसका मस्तिष्क है, कश्मीर किरीट है, गौरीशंकर इसकी शिखा है। पंजाब और बंगाल इसकी दो बाहु हैं। दिल्ली दिल है। विंध्याचल कटि है। नर्मदा करधनी है। पूर्वी घाट और पश्चिमी घाट विशाल जंघाएं हैं। कन्याकुमारी इसके पंजे हैं। सागर इसके पग पखारता है। पावस के कुंतल मेघ, काले-काले मेघ केश राशि हैं। सूर्य और चंद्रमा इसकी आरती उतारते हैं। ये वीरों की भूमि है। ये तर्पण की भूमि है। ये अर्पण की भूमि है।

**स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री चौहान ने झंडावंदन कर सलामी ली**

# नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर में अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का लोकार्पण

## सागर से प्रदेश में गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रविवार को सागर में मसवासी ग्रंट में अत्याधुनिक एकीकृत ठोस प्रबंधन इकाई के लोकार्पण के साथ ही प्रदेश में %गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश% अभियान का शुभारंभ किया। इस इकाई की लागत 70 करोड़ 54 लाख रूपये है। सबसे अहम बात यह है कि यहां पर प्रदेश का पहला एनीमल कारकस प्लांट भी लगाया गया है, जहाँ मृत मवेशियों के शवों को वैज्ञानिक ढंग से डिस्पोज किया जायेगा। %गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश% अभियान 16 से 30 अगस्त तक चलेगा। मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को



निर्देशित किया की प्लांट में स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाये। उन्होंने कहा कि कचरे के परिवहन के समय गाँव के लोगों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और कटनी मे इस तरह के प्लांट संचालित हैं, लेकिन सागर का यह प्लांट आधुनिकतम मशीनों से लैस है। प्लांट में सागर नगर निगम सहित जिले के 10 नगरीय निकाय खुरई, मकरोनिया, राहतगढ़, बीना, देवरी, बंडा, गढ़ाकोटा, रहली, शाहपुर, शाहगढ़ से निकलने वाले कचरे का निष्पादन किया जायेगा और जैविक खाद तैयार की जायेगी। प्लांट संक्रामक बिमारियों से रोकथाम और सागर को कचरा मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य व समृद्धि के लिये स्वच्छता आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में देश और प्रदेश को गंदगी मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। इसी का परिणाम है कि देश के सबसे स्वच्छ शहरों में प्रथम और द्वितीय स्थान रखने वाले शहर इंदौर, भोपाल मध्यप्रदेश के हैं।

# मंत्री पटेल ने हरदा में टेलीमेडिसिन चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने हरदा में चिकित्सा सुविधा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस सुविधा के प्रारंभ होने से अब गांव में रहने वाले गरीब लोगों को भी शीघ्रता से चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी। अभी 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से इस सुविधा का लाभ गांव के गरीब लोगों को मिल सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि हरदा जिला चिकित्सालय में पदस्थ तीन चिकित्सकों और स्टाफ को इसके लिये प्रशिक्षित किया गया है। इससे जिले के 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले ग्रामीणों को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। ग्रामीण सामान्य अथवा गंभीर बीमारी के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपनी जांच कराएंगे। आवश्यकतानुसार मरीज एवं डॉक्टर



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों से संपर्क करेंगे और डॉक्टरों के द्वारा दिए गए परामर्श अनुसार ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से ही दवाइयां उपलब्ध कराएंगे। श्री पटेल ने बताया कि इससे ग्रामीणों को शहरों की ओर भागना नहीं पड़ेगा।उनका आने-जाने का समय बचेगा। अनावश्यक रूप से होने वाले व्यय से उन्हें राहत मिलेगी। समय पर उपचार मिल सकेगा और वह इससे राहत महसूस करेंगे।उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस सुविधा का विस्तार पूरे हरदा जिले में किया जाएगा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा संकट को अवसर में बदलने के मूल मंत्र को अंगीकार करते हुए इस सुविधा का प्रारंभ हरदा में किया गया है। मंत्री श्री पटेल ने हरदा में पदस्थ नर्स यशोदा बहन को उनके जन्मदिन पंद्रह अगस्त पर बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संकटकाल में स्वास्थ्य विभाग के अमले के द्वारा तत्परता और सेवा भाव से लोगों का उपचार किया जा रहा है , वह प्रशंसनीय है। उन्होंने ऐसे कर्मवीर कोरोना योद्धाओं को साधुवाद देते हुए उनके अथक परिश्रम को नमन किया।

# कोरोना के ख़िलाफ़ जागरूकता के लिए चलाएं व्यापक अभियान

**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने कहा कि इंदौर में कोरोना के संदर्भ में एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। क़ानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री सिलावट ने सख़्त लहजे में कहा कि इंदौर में अपराधियों पर सख़्ती से कार्रवाई की जाए और गुंडे बदमाशों के मंसूबों को फलीभूत नहीं होने दिया जाए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा, आईजी श्री विवेक शर्मा, कलेक्टर श्री मनीष सिंह, आयुक्त नगर निगम सुश्री प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक श्री महेश चंद जैन एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री श्री तुलसी सिलावट ने इंदौर में कोरोना की वर्तमान स्थिति के संबंध में शासन-प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए हैं कि एक मास्क अनेक ज़िंदगी अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जाए। इसमें नगर निगम की केंद्रीय भूमिका है। प्रशासन के प्रयासों से इंदौर में कोरोना के संबंध में जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसे जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान करें। मंत्री श्री सिलावट ने इंदौर में क़ानून व्यवस्था की भी समीक्षा की।

# प्रदेश सरकार के किये कार्य जनता के बीच ले जाएं, बताएं भाजपा और कांग्रेस का फर्क

## ग्वालियर, भिंड और दतिया जिले की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दिए सुझाव

**भोपाल।** एक तरफ कांग्रेस है जिसने 15 महीने सत्ता में रहते हुए प्रदेश का विनाश किया और विकास कार्यों की अनदेखी की। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिसने कोरोना विपदा के बीच भी विकास को गति देने का काम किया। विधानसभा के होने वाले उपचुनाव विकास के मुद्दे पर होगा। इसलिए मुखरता से हमारे द्वारा किये गए विकास कार्यों और लिए गए निर्णयों को हर मतदाता के तक ले जाएं ओर बताएं कि भाजपा और कांग्रेस में यही फर्क है। भाजपा विकास केंद्रित दल है। यह बात रविवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भांडेर, मेहगांव, गोहद, ग्वालियर, ग्वालियर पूर्व ओर डबरा विधानसभा की वर्चुअल कांफ्रेंस में कही। वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, वरिष्ठ नेता व सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत सहित विभिन्न विधानसभाओं के प्रभारी, संयोजक व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान ग्वालियर, दतिया जिले की विधानसभाओं में चल




रही चुनावी तैयारियों की समीक्षा की गई एवं सुझाव दिये गए। वर्चुअल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि हमने शुरुआत अच्छी की थी लेकिन बाद में एक-एक करके हमारे कई नेता कोरोना से संक्रमित हो गए। इसका असर हमारी चुनावी तैयारियों पर पड़ा है। चौहान ने कहा कि अब हमारे पास समय कम है इसलिए जहां जहां उपचुनाव होना है वहां की परिस्थितियों का अध्ययन करके उसके अनुरूप योजना बनाएं तथा उसके आधार पर काम करें। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश के 37 लाख गरीब लोगों को सितंबर माह में राशन वितरित करेगी। उन्होंने कोरोना काल मे प्रभावित हुए फुटपाथ दुकानदारों के लिए शुरू की गई स्ट्रीट वेंडर योजना का उल्लेख करते कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग की चिंता कर रही है। छोटे, गरीब व्यक्ति ओर हर वर्ग के लिए हमने काम किया है। उन विकास कार्यों को जनता के बीच प्रचारित करने का काम करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता हमारे साथियों को बदनाम करने की कोशिश कर रही है उसका हमें मिलकर दृढ़ता से जवाब देना है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में जनता को राहत देने का काम किया है। विकास ओर योजनाओं के क्रियान्वयन में भाजपा सरकार आगे रही है। हम अपने किये कार्यों को प्रचारित करने का काम करें। उन्होंने कहा कि 15 महीने कांग्रेस की सरकार ने जनता को ठगने का काम किया। कांग्रेस को बेनकाब करने का काम हर कार्यकर्ता को करना है। उन्होंने कहा कि ग्वालियर, भिंड और दतिया जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को यह देखना होगा कि वर्चुअल कान्फ्रेंस में वरिष्ठ नेताओं ने जो सुझाव दिए हैं उन्हें अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में किस तरह अमल में लाया जा सकता है। श्री शर्मा ने वर्चुअल कांफ्रेंस में उपस्थिति के लिए सभी वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि पार्टी ने चुनाव को लेकर जो संगठनात्मक योजना बनाई है, उस दृष्टि से यह सभी उपचुनाव हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है। हम सबको रणनीति बनाकर मैदान में उतरना है। क्योंकि यह चुनाव सरकार बनाने का नही बल्कि सरकार को ओर मजबूत करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि रतनगढ़ में जो डेम बन रहा है उसका शिलान्यास जल्द होगा। इस डेम का पानी डबरा, पिछोर और गोहद, मेहगांव की नहरों में होकर किसानों के खेतों तक पहुँचेगा। उन्होंने बताया कि ग्वालियर में चंबल के पानी पहुँचे इस दिशा में ही हम काम कर रहे है, जल्द ही इसमे सफलता हासिल करेंगे।



गाजा में एक फिलिस्तीनी बच्चा इजरायली हवाई हमले में अपने घर को हुए नुकसान को देखते हुए।

# ट्रंप के छोटे भाई रॉबर्ट का 71 साल की उम्र में निधन



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के छोटे भाई रॉबर्ट ट्रंप का शनिवार रात न्यूयॉर्क के एक अस्पताल में निधन हो गया है। 71 साल के रॉबर्ट को व्यवसायी के तौर पर जाना जाता था। उनके निधन को लेकर राष्ट्रपति ने एक बयान जारी किया है। गंभीर रूप से बीमार होने की वजह से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।×ठ्ठद्दह्लश्च;ट्रंप भाई-बहनों में सबसे कम उम्र के रॉबर्ट 74 वर्षीय राष्ट्रपति के करीबी रहे। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने बताया था कि शुक्रवार को राष्ट्रपति गंभीर रूप से बीमार अपने भाई से मिलने के लिए न्यूयॉर्क सिटी अस्पताल गए थे। ट्रंप ने एक बयान में कहा, मुझे बहुत भारी मन से बताना पड़ रहा है कि मेरा भाई आज रात को हमें छोड़कर चला गया है। वह सिर्फ मेरा भाई नहीं था, वह मेरा सबसे अच्छा दोस्त था। मैं उसे बहुत याद करुंगा। हम दोबारा मिलेंगे। उनकी याद हमेशा मेरे दिल में रहेगी। रॉबर्ट, आई लव यू। आपकी आत्मा को शांति मिले। व्यवसायी होने के बावजूद रॉबर्ट और डोनाल्ड के व्यक्तित्व अलग-अलग हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार अपने छोटे भाई के लिए कहा था कि वे मेरे मुकाबले बहुत शांत और सुगम हैं और वे मेरे जीवन में एकमात्र ऐसे लड़के हैं जिन्हें मैं हनी कहकर बुलाता हूं। रॉबर्ट ट्रंप ने अपने करियर की शुरुआत वॉल स्ट्रीट में कॉर्पोरेट वित्त के तौर पर की थी लेकिन बाद में वे परिवार के व्यवसाय में शामिल हो गए। बोस्टन विश्वविद्यालय से स्नातक रॉबर्ट ट्रंप ने बाद में पिता फ्रेड ट्रंप की अचल संपत्ति का प्रबंधन किया।

# तेल से भरा जापानी जहाज दो हिस्सों में टूटकर अलग हुआ

**टोक्यो।** मारीशस के समुद्री तट पर एक जापानी तेल मालवाहक जहाज %एमवी वाकाशियो% के एक चट्टान पर घिर कर अटक जाने के बाद दो हिस्सों में टूटने से समुद्री जीव-जंतुओं के जीवन पर संकट के बादल छा गए हैं। मॉरीशस नेशनल क्राइसिस कमेटी ने कहा कि शनिवार को जहाज की हालत काफी खराब हो गई थी और दोपहर होते-होते वह टूटकर अलग हो गया। कमेटी के बयान में यह भी कहा गया है कि जहाज के आगे का हिस्सा शाम 4:30 बजे अलग होता हुआ देखा गया। विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर अब इससे खींच कर बाहर लाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। 25 जुलाई को यह जहाज एक कोरल रीफ में अटक गया था जिसमें लगभग 1,000 टन ईंधन तेल समुद्र में रिस कर लुप्तप्राय प्रवाल, मछली और अन्य समुद्री जीवन को खतरे में डाल चुका है। वैज्ञानिकों ने इस घटना को देश की सबसे खराब पारिस्थितिकी आपदा कहा था। इस जहाज से हिंद महासागर के लैगून में लगभग 1,000 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हो चुका था। मॉरीशस मरीन कंजर्वेशन सोसाइटी के अध्यक्ष जैकलीन सौज़ियर ने शनिवार सुबह रायटर को बताया कि शुक्रवार को जहाज से कुछ अवशिष्ट तेल लिक होकर महासागर में फ़ैल गया है। अधिकारियों ने शनिवार को पोत के चारों ओर तेल को निकालने में मदद करने के लिए बूम तैनात कर दिए हैं। इस संकट से निपटने के लिए बनी समिति ने कहा है कि संवेदनशील स्थानों जैसे ब्लू बे मरीन पार्क, इले ऑक्स ऐग्रेतेट्स और पोइंट डी%सनी नेशनल रामसर साइट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मॉरीशस सरकार ने गुरुवार को कहा कि जहाज से अधिकांश तेल बाहर निकाल लिया गया है लेकिन अभी भी 166 टन ईंधन तेल जहाज के अंदर है और अधिकारी इसे निकालने के लिए काम कर रहे हैं। जापानी पर्यावरण मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने शनिवार को कहा कि नुकसान का आकलन करने के लिए टोक्यो ने मंत्रालय और अन्य विशेषज्ञों के अधिकारियों की एक टीम भेजने की योजना बनाई है।

### पाक में कोरोना संक्रमण के 2,88,717 मामले, मरने वालों की संख्या 6,168 हुई

**इस्लामाबाद।** कोविड-19 की मार से बेहाल पाकिस्तान में बीते चौबीस घंटे में वायरस संक्रमण के 670 नए मामले उजागर हुए है, जिसके बाद कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2,88,717 हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 से छह और मरीजों की मौत भी हुई है। इस महामारी से देश में अब तक 6,168 मरीज जान गंवा चुके हैं। देश भर में अब तक कोविड-19 के 2,66,301 मरीज ठीक हो चुके हैं और विभिन्न अस्पतालों में भर्ती 769 मरीजों की हालत नाजुक है। मंत्रालय के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों में से सिंध में 125,904, पंजाब में 95,391, खैबर पख्तूनख्वा में 35,153, इस्लामाबाद में 15,378, बलूचिस्तान में 12,224, गिलगित बल्तिस्तान में 2,486 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में 2,181 मामले सामने आ चुके हैं।

# न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर पहली बार लहराया तिरंगा



**न्यूयार्क।** भारत का 74वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को दुनिया भर में अलग-अलग अंदाज में मनाया गया। न्यूयार्क के टाइम्स स्क्वायर पर पहली बार तिरंगा लहराया। यह पहला मौका रहा जब अमेरिका के इस ऐतिहासिक स्थान पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने टाइम्स स्क्वायर पर झंडा फहराया। फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया। इस दौरान उप महावाणिज्य दूत शत्रुघ्न सिन्हा, अध्यक्ष अंकुर वैद्य, सदस्य और प्रतिष्ठित अमेरिकी फिजिशियन सुधीर पारेख, उद्योगपति एचआर शाह और भारतीय समुदाय के लोग उपस्थित थे। जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के लिए आगे का रास्ता और नए भारत के निर्माण का खाका तैयार किया है और हम उसी के अनुरुप देश को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, इंडोनेशिया, चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, इजराइल, यूएई समेत अन्य देशों में भी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भारतीय मिशनों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहां रह रहे भारतीयों ने तिरंगे और राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाता।

# चीनी वैज्ञानिकों ने उस कंपाउन्ड की पहचान की, जिसकी वजह से झुंड में उड़ती हैं टिड्डियां



**बीजिंग।** टिड्डियों की झुंड ने एशिया और अफ्रीका के देशों में इस साल भारी उत्पात मचा रखा है। टिड्डी दल अरबों डॉलर की फसलें चट कर गए हैं। इनसे बचने के लिए आमतौर पर कीटनाशकों या जाल फेंकने का तरीका अपनाया जाता है। चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा केमिकल कंपाउंड की पहचान कर ली है, जिसकी वजह से टिड्डियां झुंड में ही उड़ती हैं। इस खोज की मदद से भविष्य में इन्हें झुंड में न उड़ने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल नेचर में प्रकाशित एक रिसर्च के अनुसार भारत के कई हिस्सों, खासकर उत्तरी और उत्तर-पश्चिम के राज्यों में टिड्डियों ने फसलों को खूब बर्बाद किया है। चीन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा फेरोमोन 4-विलानीसोल (4वीए) की पहचान की है, जो टिड्डियों के पीछे के पैरों से निकलता है और दूसरी टिड्डियां अपने ऐंटेना से इन्हें डिटेक्ट करती हैं, जहां महक को सेंस करने वाले रिसेप्टर होते हैं। जानवरों के शरीर से निकलने वाले फेरोमोन ऐसे केमिकल होते हैं जिनका असर दूसरे जानवरों के व्यवहार पर असर पड़ता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि टिड्डियों के खास फेरोमोन की पहचान के बाद इसकी मदद से अब इन्हें जाल में फंसाना आसान हो सकता है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि टिड्डियों के ऐंटेना में 4वीए को डिटेक्ट करने वाले सेंसरी सेल वोसिकोनिक सेंसिला होते हैं। यहां 4वीए के मॉलिक्यूल ओआर35 रिसेप्टर से बाइंड होता है और जिन टिड्डियों में ये रिसेप्टर न हो उस पर 4वीए का असर नहीं होता। आर्टिफिशल टेस्ट में दर्जनों टिड्डियों को 4वीए से लैस स्क्रीन के जरिए जाल में फंसाया जा सका। ऐसा ही टेस्ट चीन के तियानजिन में भी किया गया। इसके अलावा ऐसे केमिकल खोजने पर काम किया जा रहा है जो 4वीए के असर को खत्म कर सकें।



रुसलम में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू का विरोध करते हुए लोग।

## फ्रांसीसी नागरिकों की हत्या के दोषी तालिबानियों को मुक्त न करे अफगानिस्तान : फ्रांस

**पेरिस।** फ्रांसीसी नागरिकों की हत्या के दोषी तालिबानियों को मुक्त न करने की मांग फ्रांस ने अफगानिस्तान सरकार की है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि फ्रांस ने अफगान सरकार से कैदी रिहाई सौदे में फ्रांसीसी नागरिकों की हत्या के दोषी तालिबान लड़ाकों को शामिल नहीं करने के लिए कहा है। अफगानिस्तान में सरकार और तालिबानियों के बीच दो दशकों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से दोनों पक्षों के बीच शांति वार्ता की प्रक्रिया चल रही है। तालिबान ने शांति वार्ता में शामिल होने की शर्त के रूप में 5000 कैदियों की रिहाई की मांग की थी। 400 तलिबानियों के आखिरी बैच को मुक्त करने की प्रक्रिया में जिन कैदियों को छोड़ा जा रहा है उनमें से अधिकतर तालिबान के सदस्य रहे हैं और इन कैदियों पर अफगानी नागरिकों और विदेशियों पर बड़े हमले करने का आरोप है। इन्हीं में से फ्रांसीसी नागरिकों की हत्या के दोषी तालिबान लड़ाके भी शामिल हैं। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की है कि अफगानिस्तान में फ्रांसीसी नागरिकों की हत्या के दोषी कई आतंकवादियों को रिहा किया जा रहा है।

# टिकटॉक सौदे में अमेरिका को सुरक्षा और बड़ा लाभ मिलना चाहिएः ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि टिकटॉक को किसी अमेरिकी कंपनी को बेचने के समझौते में अमेरिका को पूरी सुरक्षा और बड़ा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने चीन के लोकप्रिय एप के अमेरिका में परिचालन जारी रखने के लिए किसी अमेरिकी कंपनी के साथ करार करने की 15 सितंबर की समयसीमा पर जोर देते हुए यह बात कही। टिकटॉक के अमेरिकी कारोबार को खरीदने के लिए माइक्रोसॉफ्ट बातचीत कर रही है। ट्रंप ने इस वीडियो एप पर पाबंदी की चेतावनी दी थी जिसके बाद इसकी अमेरिका की किसी कंपनी को बिक्री की चर्चा शुरू हो गयी। टिकटॉक का दावा है कि दुनियाभर में उसके करोड़ों उपयोगकर्ता हैं और अमेरिका में 10 करोड़ लोग ऐप का इस्तेमाल करते हैं। चीन के अनेक सोशल मीडिया ऐप पर भारत के हालिया प्रतिबंध का जिक्र करते हुए ट्रंप ने छह अगस्त को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किये थे जिसमें टिकटॉक और वीचैट के अमेरिका में परिचालन पर रोक लगाते हुए कहा गया है कि उनसे अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को खतरा है। प्रतिबंध 45 दिन के भीतर प्रभाव में आएगा। टिकटॉक और वीचैट पर सबसे पहले भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाबंदी लगाई। भारत ने करीब 106 चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाया है और इस कदम का ट्रंप प्रशासन तथा अमेरिकी सांसदों दोनों ने ही स्वागत किया है। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में कहा था हमने 15 सितंबर की समयसीमा तय की है। जहां तक मुझे पता है कि माइक्रोसॉफ्ट बातचीत कर रही है और कुछ अन्य कंपनियां भी हैं। हमने यह भी कहा कि अगर हम उन्हें देश में अनुमति नहीं दें तो बेकार है। इसलिए हमने कहा कि अमेरिकी राजकोष को इस सौदे से कुछ हासिल होना चाहिए। कुछ हुत बड़ा फायदा होना चाहिए।




इटली में साइक्लिंग रेस के विजेता जीत के बाद पोडियम में पदकों के साथ नजर आये।

# फिटनेस बेहतर कर रहे स्टार्क



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा कि वह भारत के खिलाफ सीरीज के लिए तैयारी में लगे हैं। कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौरान उन्होंने फिटनेस बढ़ाने पर काम किया ताकि रफ्तार बढ़ाने के उनके प्रयास सफल हो सकें। कोरोना वायरस के कारण मिले ब्रेक में स्टार्क ने न्यू साउथ वेल्स की टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग की जिसने उन्हें इस साल के अंत में विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आसनी हो और वह पूरी तरह से लय में आ सकें। स्टार्क ने कहा, 'गर्मियों के अंत में मेरा वजन 87 किग्रा हो गया था लेकिन इस समय मैं अभी 93 किग्रा का हूं और मैं यही वजन चाहता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैंने गर्मियों में 90-91 किग्रा के लक्ष्य से शुरूआत की थी इसलिये मैं अभी अच्छी स्थिति में हूं, बहुत मजबूत महसूस कर रहा हूं।' स्टार्क ने कहा, 'जिम में मैंने काफी समय बिताया और अब मैं गेंदबाजी कर रहा हूं और साथ ही दौड़ना भी शुरू कर दिया है। मैं घर पर ऐसा करने में सफल रहा और इस समय का आनंद उठाया। मैं गेंदबाजी के दौरान दर्द से भी उबरने में सफल रहा।' 30 साल के इस तेज गेंदबाज का मानना है कि जिम में अतिरिक्त घंटे उन्हें अपनी रफ्तार बढ़ाने के प्रयास में मदद करेंगे।

# धोनी ने किया इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और विकेट कीपर महेंद्र सिंह धोनी ने आज आखिरकार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उनके रिटायरमेंट की लंबे समय से अटकलें लगाई जा रही थीं। आज उन्होंने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी है। धोनी ने टेस्ट की कप्तानी भी पूरी दुनिया को चौंकाते हुए अचानक से छोड़ दी थी और एक बार फिर से उन्होंने अपने चाहने वालों को चौंकाते हुए एक बड़ा फैसला लिया। कप्तान के तौर पर तो धोनी हिट थे ही एक खिलाड़ी यानी बल्लेबाज व विकेटकीपर के तौर पर भी उन्होंने पहचान बनाई। धोनी ने एक भावुक पोस्ट कर अलविदा कहा है। भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था जो सेमीफाइनल मुकाबला था। इस मैच में भारत को हार मिली थी और इसके बाद से ही उनके क्रिकेट करियर को लेकर काफी कयास लगाए जा रहे थे। अब माही ने अचानक से क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। हालांकि अभी धोनी आईपीएल 2020 खेलेंगे अभी तक ऐसा ही अनुमान लगाया जा रहा है। अब इंटरनेशनल क्रिकेट में माही का अंदाज तो हमें देखने को नहीं मिलेगा। धोनी का नाम आते ही उनका कूल अंदाज नजर के सामने आता है जो किसी भी परिस्थिति में अपना आपा नहीं खोता था। धोनी टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान रहे हैं जिन्होंने अपनी अगुआई में भारत को सफलता की नई बुलंदियों पर पहुंचाया था। साल 2011 का जब भारत में वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया। ये टीम इंडिया के लिए सुनहरा मौका था अपनी धरती पर अपने फैंस के सामने फिर से दूसरी बार वर्ल्ड कर खिताब जीतने का। माही की अगुआई में टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप में अपना सफर शुरू किया और 28 साल के बाद धोनी ने एक बार फिर से देश के देशवासियों को वो खुशियां दी जिसका इंतजार 1983 के बाद से लगातार किया जा रहा था। धोनी ने भारत को दूसरा वनडे वर्ल्ड कप खिताब दिलाया। धोनी ने साल 2013 में आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी टीम को दिलवाया। उनकी कप्तानी में भारत ने दो बार यानी साल 2010 और 2016 में एशिया कप खिताब भी जीता था। माही दुनिया के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने आइसीसी के सारे खिताब अपनी कप्तानी में जीते।

## मार्श ने खेल के सभी प्रारूपों को अलविदा कहा

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट क्रिकेटर लौरा मार्श ने खेल के सभी प्रारूपों को अलविदा कह दिया है। मार्श ने कहा, %मैंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। इस वर्ष 'द हंड्रेड' प्रतियोगिता के रद होने के बाद मुझे लगता है कि संन्यास लेने का यह सही समय है। इस क्रिकेटर ने साथ ही कहा कि मैं उन सभी टीमों और संगठनों को बहुत-बहुत धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिनका मैंने वर्षों प्रतिनिधित्व किया है।% उन्होंने आगे लिखा, %केंट और ससेक्स ने मुझे आगे बढ़ने में काफी मदद की जिसकी मैं बहुत आभारी हूं। हर टीम ने मुझे एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में विकसित करने का मौका दिया और मैं वर्षों से कुछ आजीवन दोस्त और यादें बनाने के लिए भाग्यशाली हूं।% मार्श ने पिछले वर्ष के अंत में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से अलविदा कह दिया था, पर अब उन्होंने हर तरह की क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान कर दिया है। इसके पीछे मुख्य वजह 'द हंड्रेड' क्रिकेट लीग का स्थगित होना है। 33 वर्षीय मार्श ने इंग्लैंड के लिए नौ टेस्ट, 103 एकदिवसीय और 67 टी 20 मुकाबले खेले हैं। उन्होंने तीन प्रारूप में कुल मिलाकर 217 विकेट लिए।

# धोनी के बाद रैना ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के बाद बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस प्रकार स्वतंत्रता दिवस पर दो प्रमुख क्रिकेटरों ने खेल को अलविदा कह दिया है। रैना ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट जारी कर अपने संन्यास की घोषणा की। रैना ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में धोनी के साथ अपनी एक तस्वीर को साझा करते हुए लिखा, %आपके साथ खेलना एक बहुत खूबसूरत अनुभव था माही। मैं गर्व के साथ आपके इस सफर में साथी बनने जा रहा हूं। शुक्रिया इंडिया। जय हिंद! रैना ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में उनके इसी संन्यास के सफर में साथी बनने की बात कही है हालांकि वह भी धोनी की तरह ही आईपीएल खेलना जारी रखेंगे। रैना ने टेस्ट क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला पर एकदिवसीय और टी20 उन्हें खूब रास आया। टेस्ट में रैना ने 19 मैचों में 26.18 की औसत से 768 रन बनाए। जिसमें एक शतक और 7 अर्धशतक है। वहीं एकदिवसीय की बात करें तो रैना ने 226 मैच खेलकर 35.31 की औसत से 5,615 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 5 शतक और 36 अर्धशतक भी लगाये। वहीं फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी रैना का रेकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 109 फर्स्ट क्लास मैचों में 42.15 की औसत से 6871 रन बनाए। इन 109 मैचों में उन्होंने 14 शतक और 45 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं 78 टी-20 मैचों में उन्होंने एक शतक के साथ ही 1605 रन बनाए थे। वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल रहे।

# हरभजन और लक्ष्मण से परेशान रही ऑस्ट्रेलियाई टीमः गिलक्रिस्ट



**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने खुलासा किया है कि भारतीय टीम के स्टायलिश बल्लेबाज वीवीएस. लक्ष्मण और हरभजन सिंह ने साल 2000 की शुरुआत में उनकी टीम को काफी परेशान किया था। गिलक्रिस्ट ने कहा, 卐लक्ष्मण, हमारे खिलाफ काफी रन बनाते थे और फिर इसके बाद हरभजन के सामने हमारे बल्लेबाज टिक नहीं पाते थे।卐गिलक्रिस्ट ने 2008 में एडिलेड में भारत के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में संन्यास की घोषणा कर दी थी। तक कहा जा रहा था कि उन्होंने यह फैसला लक्ष्मण का कैच छोड़ने के बाद लिया था। इस पर उन्होंने कहा, अगर आप टेस्ट मैच में लक्ष्मण का कैच छोड़ते हैं तो मुझे लगता है कि यह संन्यास लेने का अच्छा कारण है। आप उनके जैसे बल्लेबाज को ज्यादा मौके नहीं दे सकते।卐 गिलक्रिस्ट ने कहा कि वह हमेशा अच्छी फॉर्म में रहते हुए संन्यास लेना चाहते थे। उन्होंने कहा, 卐जहां तक संन्यास की बात है तो मैं हमेशा यह सोचता था कि मैं तब संन्यास लूंगा जब लोग कहेंगे कि आप खेलते रहो न कि आप संन्यास क्यों नहीं ले लेते।

## स्क्वाश चैम्पियनशिप से हटी भारतीय महिला टीम

**चेन्नई ।** कोरोना महामारी को देखते हुए भारतीय महिला टीम मलेशिया में इस साल के अंत में होने वाली विश्व टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप से हट गयी है। यह चैम्पियनशिप 15 से 20 दिसंबर तक होगी एसआरएफआई (भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ) के महासचिव और पूर्व राष्ट्रीय कोच साइरस पोंचा ने बताया कि यह फैसला शीर्ष खिलाड़ियों से सलाह के बाद लिया गया। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए एथलीटों और कर्मचारियों की सुरक्षित यात्रा के लिए दिशानिर्देशों अनिश्चितताओं के अलावा तैयारियों के लिए कम समय को देखने के बाद हमने शीर्ष खिलाड़ियों से परामर्श कर चैम्पियनशिप से हटने का फैसला किया है।'' विश्व स्क्वाश महासंघ (डब्ल्यूएसएफ) और एसएफआरआई कोरोना महामारी से उत्पन्न हुए स्वास्थ्य संकट पर लगातार नजर बनाये हुए हैं।

# सीईओ के वेतन के लिए मंजूरी लेगी इंडिगो




**मुंबई।** प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने अपनी ताजा वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि हाल में उसके मुख्य कार्याधिकारी रणजय दत्ता के वेतन में 35 फीसदी की कटौती की गई और उन्हें वित्त वर्ष 2020 के लिए 11.4 करोड़ रुपए का भुगतान वेतन के तौर पर किया गया। इंडिगो का परिचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने पूर्णकालिक निदेशक एवं सीईओ के तौर पर दत्ता की नियुक्ति और उन्हें वित्त वर्ष 2020 सहित तीन वर्षों के लिए वेतन पैकेज के भुगतान के लिए शेयरधारकों से मंजूरी मांगी है। कंपनी ने एक विशेष प्रस्ताव के जरिये शेयरधारकों से यह मंजूरी मांगी है। कंपनी 4 सितंबर को अपनी वार्षिक आम बैठक में शेयधारकों के समक्ष वोटिंग के लिए यह प्रस्ताव रखेगी। विमानन क्षेत्र के दिग्गज माने जाने वाले दत्ता ने सबसे पहले सलाहकार के रूप में इंडिगो से जुड़े थे और 2019 के आरंभ में उन्हें कंपनी का सीईओ नियुक्त किया गया था। इसी साल जनवरी में उन्होंने पूर्णकालिक निदेशक के तौर पर भी पदभार संभाला है। इससे पहले दत्ता सहारा एयरलाइंस और यूनाइटेड एयरलाइंस के अध्यक्ष के तौर पर काम कर चुके हैं।

## पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की कीमत में र?विवार को कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई और कोलकाता में पेट्रोल और डीजल के दाम पहले के तरह ही हैं। हालांकि 30 जुलाई को दिल्ली सरकार ने डीजल के दाम में 8.36 रुपए की कटौती थी, जिससे दिल्ली में डीजल का दाम बाजार में 73.56 रुपए प्रति लीटर हो गया था। आईओसीएल के अनुसार दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार है। दिल्ली में पेट्रोल 73.56 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 80.57 रुपए प्र?तिलिटर, कोलकाता में पेट्रोल 77.06 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 82.17 रुपए प्र?ति ?लिटर, मुंबई में पेट्रोल 80.11 रुपए प्र?ति ?लिटर, डीजल 87.31 रुपए प्र?ति ?लिटर और चेन्नई में पेट्रोल 78.86 रुपए प्र?ति ?लिटर और डीजल 83.75 रुपए प्र?ति ?लिटर ?बिक रहा है।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 78,275.12 करोड़ घटा



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से छह कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 78,275.12 करोड़ रुपए घटा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस के अलावा एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर ?लिमिटेड, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार मूल्यांकन घट गया। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी दर्ज हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,666.46 करोड़ रुपए घटकर 13,40,213.50 करोड़ रुपए, टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,700.02 करोड़ रुपए घटकर 8,41,453.51 करोड़ रुपए, भारती एयरटेल का 17,294.12 करोड़ रुपए घटकर 2,88,544.43 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 8,634.6 करोड़ रुपए घटकर 5,10,792.18 करोड़ रुपए, कोटक महिंद्रा बैंक का मूल्यांकन 6,728.15 करोड़ रुपए घटकर 2,58,855.93 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का 5,251.77 करोड़ रुपए घटकर 5,68,867.60 करोड़ रुपए रह गया। जब ?कि एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 12,609.98 करोड़ रुपए बढ़कर 3,21,014.11 रुपए, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 2,338.16 करोड़ रुपए बढ़कर 2,34,090.06 करोड़ रुपए और इन्फोसिस की 1,171.31 करोड़ रुपए बढ़कर 4,06,123.91 करोड़ रुपए, और आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 604.97 करोड़ रुपए बढ़कर 2,41,787.95 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा।



## स्वतंत्रता दिवस से जिले में सहयोग से सुरक्षा अभियान शुरू

# कलेक्टर सिंह ने शपथ दिलाकर की अभियान की शुरूआत

**ग्वालियर।** सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी वैश्विक महामारी कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिये स्वतंत्रता दिवस से सहयोग से सुरक्षा अभियान शुरू हुआ। कलेकट्रेट में आयोजित हुए स्वतंत्रता दिवस समारोह के बाद कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों को सहयोग से सुरक्षा अभियान में अपना सहयोग देने के लिये शपथ दिलाई। साथ ही सहयोग से सुरक्षाबैनर पर सभी अधिकारियों के साथ हस्ताक्षर भी किए। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री किशोर कान्याल व श्री आशीष तिवारी, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही के



### कोरोना से संबंधित जानकारी देने के साथ भ्रांतियां दूर की जायेंगीं

गुप्ता तथा जिले के सभी एसडीएम सहित कलेक्ट्रेट स्थित सभी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विभिन्न विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारी सामुदायिक संगठनो के सहयोग से कोरोना को हराने के लिये जन जागरूकता का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक, व्यापारिक एवं सेवाभावी संगठनों से चर्चा कर इस अभियान को प्रभावी बनाया जाएगा। कलेक्टर ने सभी से अभियान में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कोरोना से बचाव का रास्ता हम सबके बीच से होकर जाता है। इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर कोरोना को हराने के लिये चलाए जा रहे इस अभियान में सहभागी बनें। हम सभी मिल-जुलकर मास्क का उपयोग, शारीरिक दूरी बनाए रखने एवं बार-बार हाथ धोने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि यह अभियान सितम्बर माह तक जारी रहेगा। अभियान के दौरान कोरोना से सम्बन्धित जानकारी एवं भ्रांतियों को दूर करने के लिए जन जागरूकता गतिविधियां चलाई जायेंगीं। यह गतिविधियां विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित होंगी। इन विभागों में राजस्व, आदिमजाति कल्याण, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्कूल शिक्षा व उच्च शिक्षा, नगरीय विकास, महिला बाल विकास, पुलिस, जन सम्पर्क, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, आयुष इत्यादि विभाग शामिल हैं।

## क्राईम ब्रांच ने 14 हजार के दो फरारी ईनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार



**ग्वालियर।** रविवार को पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे द्वारा विगत दिनांक ली गई बैठक मे जारी निर्देषों के परिपालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर षहर पष्चिम/अपराध श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को फरारी बदमाषों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया गया था। डीएसपी अपराध श्री रत्नेष तोमर के मार्गदर्षन मे की जा रही कार्यवाही के दौरान दिनांक 16.08.2020 को प्रभारी क्राइम ब्रांच उनि0 विनोद शर्मा के निर्देष पर उनि0 कुलदीप वर्गे को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना विष्वविद्यालय के अप0 132/19 धारा 420.467.468.471भा दवि मे फरारी ईनामी बदमाष अजय सिंह नरवरिया, रामवीर सिंह नरवरिया यादव धर्मकांटा के पास ग्वालियर से बाहर जाने की फिराक मे खडे है। उक्त सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना क्राईम ब्रांच थाना बल की टीम बना कर मुखबिर के बताये स्थान की घेरा बंदी कर उक्त बदमाषों को धर दबोचा। पुलिस पुछताछ मे बदमाषों ने अपने नाम अजय सिंह नरवरिया पुत्र षेर सिंह नरवरिया उम्र 30 साल नि0 ग्राम नुन्हाड़ थाना गोरमी जिला भिण्ड हाल नि0 षर्मा फार्म रोड ग्वालियर थाना हजीरा व दूसरे ने अपना नाम रामवीर सिंह पुत्र नारायण सिंह लोधी उम्र 28 साल नि0 ग्राम पदमपुर खेरिया थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर बताया। उक्त बदमाषों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 07-07 हजार रूपये कुल 14 हजार रू. का ईनाम भी घोषित किया गया था। उपरोक्त आरोपीगण थाना वि0वि0 से धोखाधडी के मामले मे विगत 01 वर्ष से फरार चल रहे थे। उपरोक्त आरोपीगणों को गिरफ्तार कर थाना विष्वविद्यालय के सुपुर्द किये गये। सराहनीय भूमिका - उक्त बदमाषों को गिरफ्तार करने मे प्रभारी क्राईम ब्रांच उनि0 विनोद कुमार शर्मा, उनि कुलदीप वर्गे, प्रआर0 राजीव सोलंकी, गुलषन सोनकर, आर0 आषीष शर्मा, आकाष तोमर, जितेन्द्र बरैया, अरूण पवैया, सुरेन्द्र तोमर, विषाल यादव, विद्याचरण शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

### वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा का मल्लगढ़ा तिराहे पर लोकार्पण

## वीरता की प्रतिमूर्ति वीरांगना अवंतीबाई लोधी के जीवन से प्रेरणा लें - ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी ने एक अद्वितीय उदहारण प्रस्तुत कर 1857 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में वीरता से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। ऐसी वीरांगना का देश की सभी नारियों और पुरुषों को अनुकरण करना चाहिए। उक्त आशय के विचार प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने आज ग्वालियर के मल्लगढ़ा तिराहे पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यक्रम की



अध्यक्षता सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने की। वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि वीरांगना की प्रतिमा ग्वालियर के सांसद एवं तत्कालीन महापौर श्री विवेक नारायण शेजवलकर के व्यक्तिगत प्रयासों के कारण ही स्थापित हो सकी है और आज वीरांगना की जयंती भी है इस अवसर पर वीरांगना की प्रतिमा का लोकार्पण कर, मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। समाज के सभी वर्गों को वीरांगना से प्रेरणा लेनी चाहिए।

## अटलजी विश्व में लोकप्रिय व्यक्तित्व के नेता थे- शेजवलकर

**ग्वालियर।** ग्वालियर के सपूत अटल बिहारी वाजपेई विश्व में लोकप्रिय व्यक्तित्व के नेता थे। हम सबके लिए गर्व की बात है जब भी अटल जी का नाम आता है तो ग्वालियर उनके निवास की वजह से पहचाना जाता है। अटल जी का ग्वालियर के सैकड़ों लोगों से सीधा संपर्क था और जब भी अटल जी का ग्वालियर आना होता था तो मेरा भी उनसे मिलना होता था, अटल जी का व्यक्तित्व



मुझे काफी प्रभावित करता था। उक्त बात रविवार को ग्वालियर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने भाजपा के संस्थापक सदस्य, भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की द्वितीय पुण्यतिथि पर मुखर्जी भवन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कही। शेजवलकर ने कहा कि अटल जी जन संघ के प्रचारक भी रहे, फिर जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के लिए अपना सारा जीवन समर्पित किया। जब श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को कश्मीर गिरफ्तार कर लिया गया तब अटल बिहारी वाजपेई जी ने पूरे देश में प्रवास कर कश्मीर के लिए बड़ा आंदोलन खड़ा किया था।

स्वतंत्रता दिवस की सभी भारत वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं

हैप्पी बर्थडे
17 अगस्त



रामलाल सैणचा
दिव्या साल्ट प्राइवेट लिमिटेड
पुष्पांजली
दैनिक पुष्पांजली टुडे परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

# स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया

**ग्वालियर।** आनंद नगर सुधार समिति द्वारा 74 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ा पार्क में प्रातरू 8 बजे से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मण्प्र ण् चैम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ग्वालियर के अध्यक्ष श्री विजय गोयल जी थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के परामर्श दाता श्री अवध सिंह धाकरे जी ने की। इस अवसर पर समिति के संरक्षक श्री कैलाश सिंह तोमरए भारतीय योग संस्थान के विशेष अधिकारी श्री ए के सरकारए श्री आनंद शुक्लाए श्री मुन्ना लाल मित्तलए समाज सेवी श्री राजेश सिंह चौहान एवं श्री मान सिंह शाक्य विशेष रूप में उपस्थित थे। बड़ी संख्या में आनंद नगर के तीनों ब्लोकों के निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति अध्यक्ष राकेश अग्रवाल एडवोकेट ने सभी का शब्दों से



स्वागत किया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री विजय गोयल जी ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात सभी ने राष्ट्र गान गाया। सचिव श्री आनंद सिंह तोमर ने अतिथि गढ़ों का पुष्प भैंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री विजय गोयल जी ने अपने उद्बोधन में सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश का सबसे बड़ा पर्व है। हमारे पूर्वजों ने देश की आजादी के लिए बहुत बहुत बड़ी कीमत चुकाई थी अब हमारा दायित्व है कि हम इस देश को खुशहालए और अधिक सुंदर और विश्वगुरु बनाने में अपना योगदान दें। कार्यक्रम अध्यक्ष श्री अवध सिंह धाकरे जी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी से स्वच्छ भारत अभियान में सहयोग करने की अपील की वहीं श्री ए के सरकार ने स्वस्थ भारत के लिए सभी से नियमित योग करने की अपील की। महिला ईकाई अध्यक्ष श्रीमती तृप्ति साठे तथा महिला ईकाई संयोजक श्रीमती ज्योति गुप्ता ने अलग.अलग राष्ट्र गान की प्रस्तुति दी। कवि श्री जे एन जरेनिया ने वीर रस से भरी हुई जोशीली कविता का पाठ किया। अंत में सचिव श्री आनंद सिंह तोमर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्षए सचिव के अलावा कार्यकारी अध्यक्ष श्री अजय सिंह भदौरियाए सह सचिव गढ़ श्री मुनेन्द्र सिंह भदौरिया श्री दिलीप शिवहरे एडवोकेट एवं श्री शैलेन्द्र सिंह भदौरिया संगठन मंत्री श्री राजू यादवए प्रचार मंत्री श्री ओमप्रकाश कुशवाहाए कार्यकारिणी सदस्य गढ़ श्री अरविन्द सिंह तोमरए श्री सत्येन्द्र सिंह गहलोतए श्री हरीबाबू शिवहरेए डॉ बृजकिशोर खंडेलवालए श्री रामबाबू सिंह राठौड़ ए महिला ईकाई की ओर से अध्यक्षए संयोजक के अलावा सचिव श्रीमती करूणा शिवहरेए उपाध्यक्ष श्री मती ज्योति तोमरए सहसचिव श्रीमती वंदना शिवहरे विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वल्पाहार ग्रहण किया।

**जय हिन्द।जय भारत**

स्वतंत्रता दिवस पर नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं



दुर्गाराम सिरवी
सिरवी इंडिया परिवार सदस्य
चाचोडी. पाली.
राजस्थान

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478